e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 87

**सुविचार**
जो व्यक्ति अपनी असफलताओं से कोई सीख नहीं लेता है, वह कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता हैं।

# प्रभात मंत्र

शनिवार
30.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**रोजा का समय**
इफ्तार (30.03.24): शाम 06:05 बजे
सेहरी (31.03.2024) सुबह 04 : 20 बजे




## वाहन चेकिंग के दौरान बरियातू थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# लातेहार: 21.95 लाख रुपया नकद बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू (लातेहार) :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बारियातु पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान शुक्रवार को 21 लाख 95 हजार रूपये जब्त किया. जब्त की गई राशि को इनकम टैक्स विभाग के हवाले कर दिया गया. इस संबंध में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त बनाने के लिए लातेहार पुलिस कृत संकल्पित है. स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु 22 मार्च से लगातार 24 घंटे बारियातू थाना गेट के सामने गठित इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकनाका पर चेकिंग की जा रही है.

उक्त चेकनाका पर चेकिंग के दौरान एक काले रंग के टाटा नेक्सौन चार पहिया वाहन (जेएच 02 एमबी 3719) से शुक्रवार को 21 लाख 95 हजार रूपये नगद रखा हुआ मिला. जिससे अवरोधन किया गया एवं इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारीयों, व्यय अनुवीक्षण कमिटी एवं आयकर विभाग को दी गई. इस आलोक में अग्रेतर विधि सम्मत कार्रवाई की गई. बताते चलें कि लातेहार पुलिस द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 26 लाख 11 हजार रुपए नगद अवरोधन किया जा चूका है. लगभग 3 करोड़ 60 लख रुपए मूल्य का अफीम, डोडा, नरकोटीक ड्रग्स,गांजा सहित अन्य अवैध सामग्री को जप्त किया जा चुका है. लातेहार पुलिस द्वारा इस क्रम में आदर्श आचार संहिता लगने के उपरांत पांच हथियार (अग्नेयास्त्र) एवं 19 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है. आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत से अब तक लातेहार पुलिस द्वारा करीब 4 करोड़ से भी अधिक मूल्य के वस्तुओं की बरामदगी एवं अवरोधन किया जा चूका है .यह उपलब्धियां अत्यंत महत्वपूर्ण तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव कराने की दिशा में बेहतर कदम है. लातेहार पुलिस आगे भी इस तरह की कार्रवाई करती रहेगी.

### * आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद लातेहार पुलिस ने 5 हथियार और 4 करोड़ रुपए का समान कर चुकी है बरामद



### आचार संहिता लागू होने से अब तक लातेहार पुलिस ने जब्त की 26 लाख से ज्यादा नगदी

लातेहार पुलिस द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 26 लाख 11 हजार रुपए नगद अवरोधन किया जा चूका है. लगभग 3 करोड़ 60 लख रुपए मूल्य का अफीम, डोडा, नरकोटीक ड्रग्स,गांजा सहित अन्य अवैध सामग्री को जप्त किया जा चुका है. लातेहार पुलिस द्वारा इस क्रम में आदर्श आचार संहिता लगने के उपरांत पांच हथियार (अग्नेयास्त्र) एवं 19 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है.

## पलामू : भारी मात्रा में अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**मनातू (पलामू) :** मनातू थाना क्षेत्र के मिटार गाँव के जंगल से अफीम के साथ दो अफीम तस्करों प्रदीप साव और गणेश सिंह को गिरफ्तार किया है. लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी. गिरफ्तार व्यक्ति के पास से दो केन में चिपचिपा पदार्थ पाया गया. डीडी किट से जांच के बाद पता चला कि वह पदार्थ अफीम है. बड़ा केन का वजन 2 किलो 220 ग्राम और छोटे का वजन 1 किलो 820 ग्राम पाया गया. गिरफ्तार गणेश सिंह से पूछताछ के दौरान बताया कि जो व्यक्ति भाग गया उसका नाम कुलदीप गंझू है. वह चतरा जिला के बरहमांदा थाना क्षेत्र के कुंदा गांव का रहने वाला है. उसने यह भी बताया कि एक केन मेरा है और दूसरा केन कुलदीप गंझू का है. दोनों अफीम बेचने का कारोबार करते हैं. गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो केन अफीम के साथ वीवो कंपनी का एंड्रॉयड फोन, काले रंग का हीरो होंडा स्पेंडर, 500 का 38 नोट, प्लास्टिक के झोला में एक बाट और तराजू और 23 प्लास्टिक के बोरे में 160 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया. छापामारी दल में कुल 16 सदस्य शामिल थे. छापामारी दल का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा कर रहे थे.

## 31 मार्च को दिल्ली में ताकत दिखाएगा इंडिया गठबंधन

* कांग्रेस, जेएमएम, राजद समेत 13 दलों के नेता जुटेंगे



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां एक्टिव मोड में आ गई हैं. इसी क्रम में 31 मार्च को इंडिया ब्लॉक की महारैली होगी. इसमें रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, शरद पवार शामिल होंगे. जानकारी के मुताबिक इस रैली में इंडिया ब्लॉक के 13 सहयोगी दल शामिल होंगे. रैली में इंडिया ब्लॉक का बैनर लगा होगा. इस पर तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ का नारा लिखा होगा. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी रैली को संबोधित करेंगी. दिल्ली पुलिस ने रैली की परमिशन दे दी है. इस रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, डेरेक ओ ब्रायन, टी शिवा, फारूक अब्दुल्ला, चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, सीताराम येचुरी, डी राजा, दीपंकर भट्टाचार्य और फॉरवर्ड ब्लॉक के जी देवराजन भी रैली में शामिल होंगे. हाल ही में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, इसमें कहा गया कि देश के अंदर जिस तरह प्रधानमंत्री तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश में लोकतंत्र की हत्या कर दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया है, उससे देश में संविधान और लोकतंत्र से मोहब्बत करने वाले लोगों के दिलों में आक्रोश है. ये सिर्फ अरविंद केजरीवाल की बात नहीं है.विपक्षी पार्टी के नेताओं ने कहा कि देश में एक-एक करके संपूर्ण विपक्ष को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री एजेंसी का इस्तेमाल करके, विधायक खरीदकर, विपक्ष को खरीदकर, फर्जी मुकदमे कर गिरफ्तारी की साजिश हो रही है. झारखंड के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया. पश्चिम बंगाल से लेकर बिहार तक इंडिया गठबंधन के नेताओं पर फर्जी मुकदमे लगाकर चुप कराने की कोशिश की जा रही है. दिल्ली और देश में प्रदर्शन जारी हैं. आगामी दिनों में प्रदर्शन जारी रहेंगे.

**इस रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, डेरेक ओ ब्रायन, टी शिवा, फारूक अब्दुल्ला, चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, सीताराम येचुरी, डी राजा, दीपंकर भट्टाचार्य और फॉरवर्ड ब्लॉक के जी देवराजन भी रैली में शामिल होंगे.**

## क्विक न्यूज

### मुख्तार अंसारी के मौत की होगी न्यायिक जांच, एक महीने में देनी होगी रिपोर्ट

**लखनऊ :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। एक माह के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी गई है। मुख्तार के बेटे उमर अंसारी ने गुरुवार रात को मामले की जांच न्यायाधीश से कराने की मांग उठाई थी। बांदा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता की ओर से किए गए जांच आदेश में कहा गया है कि जिला कारागार बांदा के वरिष्ठ अधीक्षक ने जेल में निरुद्ध सिद्धदोष विचाराधीन बंदी मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को मृत्यु मामले में न्यायिक जांच के लिए जांच अधिकारी नामित करने की प्रार्थना की गई है। उसी आधार पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त कर एक माह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है। आदेश की प्रति जांच अधिकारी को भेजी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक अप्रैल से गेहूं स्टॉक की अनिवार्य घोषणा करने का आदेश

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक अप्रैल से गेहूं की स्टॉक स्थिति की अनिवार्य घोषणा का आदेश जारी किया है। सरकार ने यह कदम जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए उठाया है। सभी श्रेणियों की संस्थाओं की ओर से चावल के स्टॉक की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक आदेश में कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों को एक अप्रैल से प्रभावी सरकारी पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक की स्थिति घोषित करनी होगी। वर्तमान में गेहूं की स्टॉक सीमा जारी करने की तिथि 31 मार्च को समाप्त हो रही है। मंत्रालय के मुताबिक सरकार की ओर से जारी आदेश में आगे कहा गया है कि हर संस्था को पहले पोर्टल https://eveg-oils.nic.in पर पंजीकृत करना होगा। इसके उपरांत हर शुक्रवार को गेहूं और चावल के स्टॉक का खुलासा करना होगा। मंत्रालय के मुताबिक देश में खाद्य वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने और आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं और चावल की स्टॉक स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### इजरायल ने सीरिया के अलेप्पो में किया भीषण हवाई हमला, 38 लोगों की मौत

**बेरूत:** सीरिया में इजरायली सेना ने भीषण हवाई हमला किया है। सीरिया के अनुसार उसेक उत्तरी शहर अलेप्पो के पास शुक्रवार तड़के हुए इजरायली हवाई हमलों में 38 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। मरने वालों में हिजबुल्लाह के 5 आतंकी भी शामिल हैं। साथ ही संपत्तियों को बहुत नुकसान हुआ है। सीरिया के सरकारी मीडिया ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा कि अलेप्पो और उसके उपनगरों में नागरिक ठिकानों पर इजरायली हमले तथा सीरियाई विद्रोही समूहों द्वारा ड्रोन हमले किए गए।

### कमलनाथ के करीबी और तीन बार विधायक रहे कमलेश शाह बीजेपी में शामिल

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। खबर है कि कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में कांग्रेस को चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है क्योंकि कमलनाथ के खास समर्थक और तीन बार से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह भाजपा में शामिल हो गए हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

## अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप सहित दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन करने अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने राँची लोकसभा क्षेत्र के शिवपुरी मुहल्ला स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन करते हुए न्यूनतम सुविधाओं की कमियों को शीघ्र दूर करने का निदेश दिया। उन्होंने शिवपुरी क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर जाकर वहां के बीएलओ से बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की सूची का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ को आम नागरिकों की जानकारी के अभाव को दूर करने,बीएलओ द्वारा नगर निगम के कर्मी को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप में शामिल करने का निदेश दिया।उन्होंने सभी बीएलओ को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप एवं वॉलेंटियर्स चयनित करने में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का पूर्णतया अनुपालन करने का निदेश दिया।राजकीय मध्य विद्यालय नवीन आरक्षी केंद्र शिवपुरी के भौतिक निरीक्षण के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा शौचालय को सुचारू रूप से क्रियाशील कराने का निदेश दिया गया। ट्रैफिक पुलिस स्टेशन एवं पुलिस लाईन के लिए संचालित स्वास्थ्य केंद्र के कारण विद्यालय परिसर में मतदाताओं के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है, इस हेतु उन्होंने मतदाताओं की असुविधाओं को शीघ्र दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के निदेशानुसार पूरे राज्य के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन करते हुए असुविधाओं को दूर किया जा रहा है।



## पलामू का अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले का पारा 40 डिग्री को पार कर गया है। एक अप्रैल से बदन को झुलसा देने वाली गर्मी पड़ेगी। हालांकि 30 एवं 31 मार्च को बारिश के कारण मौसम से थोड़ा राहत मिल सकता है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.02 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की बढोतरी दर्ज की गयी है। इसी तरह न्यूनतम तापमान में एक से डेढ डिग्री की बढोतरी दर्ज की गयी है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 38.05 एवं न्यूनतम तापमान 19.09 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। रांची मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया एक मानसून ट्रफ फिलहाल झारखंड से पार हो रहा है, जो असम तक एक्सटेंड कर रहा है। इस वजह से राज्य में हल्के व मध्यम दर्जे की बारिश देखी जा सकती है। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। हालांकि, यह हल्की बारिश होगी और दिन के अधिकतर समय अच्छी खिली धूप देखने को ही मिलेगा। 30 मार्च से मौसम अपना मिजाज बदल रहा है। बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर मौसम विभाग ने 30 और 31 मार्च को यलो अलर्ट जारी किया गया है। 30 मार्च को राज्य के दक्षिण, पश्चिमी और मध्य भाग में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

## बिहार : महागठबंधन में सीटों का हुआ बंटवारा

* राजद 26 और कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ेगी चुनाव



**एजेंसी**

**पटना :** लोकसभा चुनाव अब बेहद नजदीक आ चुके हैं. ऐसे में तमाम दलों के बीच सीट बंटवारा भी अंतिम दौर में पहुंच चुका है. पिछले कुछ दिनों से बिहार में महागठबंधन में सीट बंटवारे की कोशिश चल रही थी. अब बिहार महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है. जहां ऋ्छ्ष्ठ के हिस्से में 26 सीट आई है. वहीं कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. वहीं लेफ्ट के हिस्से में पांच सीट आई है.

सीट बंटवारे में कांग्रेस को पूर्णिया सीट नहीं मिली है. दरअसल पप्पू यादव भी पूर्णिया से टिकट चाहते थे. लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिहार में महागठबंधन के बीच राज्य की 40 लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति बनने के बाद इसका आधिकारिक ऐलान किया गया.दिल्ली में हाल ही में हुई बैठक में महागठबंधन के सभी दलों के प्रमुख नेता मौजूद थे. जिसमें सीट बंटवारा सबसे अहम मुद्दा रहा. बता दें कि कांग्रेस ने 2019 में भी 9 सीटों पर चुनाव लड़ा था. इनमें से पार्टी को सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल हुई थी. वहीं आरजेडी एक भी सीट हासिल नहीं कर सकी थी. वहीं एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीती थीं, जिनमें से बीजेपी ने 17 सीटों , नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड सिर्फ एक सीट पीछे रही और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी सभी छह सीटों पर चुनाव जीती थी.

## इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस को भेजा 1700 करोड़ का डिमांड नोटिस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस पार्टी को 1,700 करोड़ रुपये का रिकवरी नोटिस भेजा है. कांग्रेस को यह नोटिस दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा टैक्स नोटिस को चुनौती देने वाली पार्टी की याचिका खारिज करने के एक दिन बाद भेजा गया है.




सूत्रों के मुताबिक ताजा नोटिस एसेसमेंट इयर 2017-18 से 2020-21 के लिए है, इसमें जुर्माना और ब्याज दोनों शामिल है.आयकर विभाग के नोटिस पर कांग्रेस नेता अजय कामन की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस को अब तक 1823 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस जारी किया है.

इसमें सीताराम केसरी के कार्यकाल 1993-94 से जुड़ी 53.5 करोड़ की डिमांड शामिल है. हम मांग करते हैं कि आयकर विभाग बीजेपी के खिलाफ 4600 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस जारी करें.इनकम टैक्स अधिकारियों की तरफ से 200 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और फंड को फ्रीज करने के बाद कांग्रेस पहले से ही पैसे की किल्लत से जूझ रही है. कांग्रेस को इस मामले में हाई कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है. अब पार्टी सुप्रीम कोर्ट जा सकती है. वहीं कांग्रेस, बीजेपी पर लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से दबाने और उसके खिलाफ इनकम टैक्स अधिकारियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगा रही है.

बता दें कि इनकम टैक्स विभाग को फरवरी में कांग्रेस के टैक्स रिटर्न में गड़बड़ी मिली थी. जिसके बाद विभाग ने 200 करोड़ रुपये की पैनल्टी लगाई थी. आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने पार्टी को बकाया भुगतान करने को कहा था और उनके खाते फ्रीज कर दिए थे.

## विधानसभा की गांडेय सीट पर उप चुनाव में भाजपा ने दिलीप वर्मा को बनाया उम्मीदवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य विधानसभा में गांडेय सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को उम्मीदवार का एलान कर दिया है। भाजपा ने दिलीप कुमार वर्मा को उम्मीदवार घोषित किया है। गांडेय विधानसभा सीट पर 20 मई को उपचुनाव होना है। गांडेय विधानसभा सीट से विधायक सरफराज अहमद ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से विधानसभा सीट रिक्त हुई थी।

**दिलीप वर्मा के राजनीतिक संबंध:** दिलीप वर्मा कोडरमा के भूतपूर्व सांसद रीतलाल वर्मा के भतीजे हैं और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा उनके चचेरे भाई हैं जबकि गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा उनके मामा हैं। दिलीप ने राजनीतिक करियर की शुरूआत बाबूलाल के नेतृत्व वाली झारखंड विकास मोर्चा से की थी।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

### मकान में लगी आग, परिजन हुए बेघर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के सकलदीपा पंचायत के होइयो निवासी राजकुमार सिंह खरवार के मकान में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गई। जिससे मकान वह मकान में रखे सारे सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं। उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मामले की जानकारी होने के बाद पंचायत के मुखिया एवं प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने शुक्रवार की दोपहर घटनास्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें आर्थिक मदद की। वह उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। घटना के संबंध में परिजन बताते हैं कि मकान में कोई व्यक्ति नही थे अचानक लगी मकान में आग से मकान में रखे राशन, बर्तन, कपड़ा सहित सारे सामान जलकर नष्ट हो गए इस अगलगी से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है व वे पूरी तरह बेघर हो गए हैं परिजनों ने प्रशासन से सरकारी मुआवजे की मांग की है।

# ड्रग्स बेचते दो युवक गिरफ्तार 5.65 ग्राम हेरोइन बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज शहर थाना पुलिस ने हेरोइन की खरीद-बिक्री के आरोप में दो युवकों को पकड़ा है। इनके पास से 5.65 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। गिरफ्तार युवकों में रोहित रंजन (35) निवासी अघोर आश्रम हरिजन टोला एवं आलोक कुमार गुप्ता (18) निवासी सोनपुरवा रामबान तालाब गढ़वा शामिल हैं। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बीएन कॉलेज मैदान के सुनसान एरिया में रोहित और उसका साथी हेरोइन बेच रहे हैं। इस पर अंचलाधिकारी मेदिनीनगर के साथ टीम बनाकर कार्रवाई की गयी। इस दौरान दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर 5.65 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

## अवैध हथियार के साथ 40 वर्षीय युवक गिरफ्तार, राइफल जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ थाना में थाना प्रभारी निलेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा की गुरुवार को दोपहर दो बजे गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति हथियार के साथ चुंगा बासडीह के जंगल में हथियार लेकर कहीं जा रहा है सूचना का सनहा दर्ज कर सत्यापन के लिए थाना प्रभारी निलेश कुमार अपने दल बल के साथ जंगल में गए तो पुलिस का गाड़ी देखते ही युवक घबरा कर जंगल की ओर भागने लगा जिसे शस्त्र बल के सहयोग से दौड़ाकर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर खिरौद परहिया उम्र 40 वर्ष पिता रामजीत परहिया ग्राम मरगड़ा थाना रामगढ़ का निवासी बताया, हथियार का लाइसेंस थाना प्रभारी ने मांगा तो वह कोई भी कागजात नहीं दे सका और संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद रामगढ़ थाना प्रभारी ने एक अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को मेदिनीनगर जेल भेज दिया इस छापामारी अभियान में पुअनी संतोष गिरी, चालक आरक्षी सुनील यादव, आरक्षी रामप्रताप कुमार, आरक्षी अशोक कुमार पासवान, आरक्षी पिंटू कुमार शामिल थें।

## एक महीने का रोजा रख अल्लाह का इबादत किया जाता है : जुनैद



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमज़ान के तीसरे जुम्मे में छतरपुर ख़ाटीन के जम्मा मस्ज़िद के इमाम मौलाना जुनैद मिस्बाही ने कहा कि इस पवित्र महीने में मुकम्मल एक माह रोजे रखा जाता है और अल्लाह का खूब इबादत किया जाता है साथ मे अपने दौलत का जकात और सदक़ा-ए- फितर निकालना फर्ज यानी हर हाल में जरूरी है इन्होंने कहा कि अल्लाल ने फरमाया(कहा) है कि ये जकात का पैसा निकाल कर जरूरतमंदों, मजबूर, मिसकीन, यतीमो, या जहाँ बच्चे लोग पढ़ाई करते है ये सभी के बीच पैसा को देना है ताकि वे भी इस पैसे से अपना जरूरत का चीज पूरा कर वो भी अच्छे से इस पवित्र महीना को गुजारेगा। सदक़ा-ए- फितर बच्चा, बड़ा, बुजुर्ग, यानी घर मे जितने लोग है सभी,व्यक्तियों के लिए निकलना फर्ज है।

## पिपरा थाना अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर सख्त : थाना प्रभारी बिमल



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के यादव मिथिलेश लाइन होटल एवं महादेव लाइन होटल मे गुप्त सूचना के आधार पर बारी-बारी से छापामारी अभियान चलाया गया. जिसमें अवैध विदेशी शराब के कुल 69 बोतल को जप्त किया गया.थाना प्रभारी ने कहा कि अगर आपके आसपास कोई अवैध तरीके से शराब का बिक्री एवं निर्माण कर रहा है तो उसकी सूचना प्रशासन को दें आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। शराब आसानी से एवं सस्ते दरो मे उपलब्ध हो जाने के कारण युवा पीढ़ी उसके गिरफ्त में आते जा रही है. बुद्धिजीवी वर्ग को आगे बढ़कर प्रशासन का सहयोग करना चाहिए.आगे भी छापामारी अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान में नकुल शर्मा कुलेश्वर महतो मनोज राणा सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे।

# पलामू के चहुंमुखी विकास के गुरु थे स्व. जोरावर राम : राकेश पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड जन क्रांति मोर्चा (जोरावर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने अपने निजी आवास कार्यालय में स्वर्गीय जोरावर राम पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री बिहार सरकार के 29 मार्च को उनके जन्मोत्सव के अवसर पर फूलमाला पहनाकर उनके चरणों में फूल स्पर्श कर अपने कई साथियों के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। राकेश पासवान ने कहा कि मेरे पिता ने पलामू में जब 1992 में सांसद थे तो ढाई साल के कार्यकाल में ही उन्होंने पलामू प्रमंडल के लिए चौमुखी विकास का एक ग्राफ खींचा था। जो आज भी पलामू की धरती के पटल पर लाइव दिखाता है। उन्होंने सैकड़ो ऐसे काम किये सिंचाई, रोजगार से संबंधित खनन कई ऐसे कार्य किया जो आज भी पलामू के आम नागरिक सराहना करते हैं। विशेष अतिथि ललन कुमार बर्मा ने कहा कि स्वर्गीय जोरावर राम पलामू प्रमंडल के लिए ही हमेशा सोचा करते थे, गरीबों का साथ पुरजोर देते थे और उन्होंने सर्वाधिक विकास पलामू के लिए किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित विकास कुमार, रिंकू कुमार पासवान, उदय कुमार सिंह, दिनेश सिंह, राजू कुमार और भी कई अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# रमजान माह के तीसरे जुमे में मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/ पलामू :** रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों की भीड़ उमड़ी। शहर के जामा मस्जिद, इस्लाम गंज, चिक टोली, जपला चौबे, मोहम्मदाबाद, के अलावा देवरी, दंगवार, बेलबिघा, ऊपरी, काकोरिया, बुधुवा, समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों में नमाज अदा की, नमाज अदा करने के बाद लोगों ने लोगों ने खुदा पाक से दुनिया में अमन चैन वा हिंदुस्तान की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के पूर्व सभी मस्जिदों के इमाम ने रोजा और इसकी फजीलत के साथ साथ लोगों को जकात और फितरा के संबंध में लोगों को विस्तृत रूप से बताया, उन्होंने कहा की जो



साहब ए निशाब हैं उन्हें चाहिए की समय रहते जकात और फितरा की रकम निकालकर जरूरतमंदो को दे दें ताकि उनकी भी ईद अच्छी से हो सके। उन्होंने कहा की रमज़ान रहमत और बरकतों वाला महीना है। हजरत मुहम्मद साहब रमज़ान में अपनी इबादत बढ़ा दिया करते थे। वे दिन भर रोजा रखते और रात भर इबादत बढ़ा किया करते थे इस महीना में जितना भी हो सके गरीबों और दुखियों की सेवा करना चाहिए। नमाज में मुख्य रुप से एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, खुस्तर ख़ान, नेहाल असगर, डॉक्टर एजाज आलम, सैयद मशरूर अहमद, सैयद अफ़ान मीर, कामरान मीर, मुस्तुफा खान, अफरोज खान, समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## पत्नी को जलाकर मारने के आरोपी को 10 साल की मिली सजा

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र निवासी को दहेज के लिए पत्नी को जलाकर मारने वाले एक पति को न्यायालय ने 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। गुरुवार को पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने आरोपी पति भीम कुमार उर्फ भीम राम को पत्नी के हत्या का दोषी पाया। जिसके बाद सजा का ऐलान किया। शादी के करीब ढाई महीने बाद ही संजू देवी को ससुराल में जलाकर मार दिया गया था। इस मामले में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा निवासी भोलाराम ने अपने दामाद हुसैनाबाद शहर के वार्ड-12 निवासी भीम कुमार समेत बेटी के ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया था कि शादी के ढाई माह तक बेटी ससुराल में ठीक से रही। इसके बाद पति, पति का भाई व उसकी पत्नी मृतका से 50 हजार रुपये व मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मोटरसाइकिल व पैसा का डिमांड पूरा नहीं हुआ तो मृतका को प्रताड़ित करने लगे। मृतका ने इसकी जानकारी अपने माता-पिता को दिया था। मृतका की मां कौशल्या देवी ने दामाद को 20 हजार रुपए दिया था और बाकी पैसा बाद में देने की बात कही थी। पैसा देने के बाद दूसरे दिन एक जुलाई 2021 को सूचना मिली कि बेटी जल गई है। अन्य अभियुक्त के केस की सुनवाई अलग चल रही है।

# डीएमओ ने माईंस मालिकों को दिए कई दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** उपायुक्त पलामू शशि रंजन के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने शुक्रवार के नौड़ीहा बाजार पहुँच कर संचालित हो रहे माइंस के निरीक्षण किया। यूपीएस स्टोन एंड चिप्स, जय मां शेरावली स्टोन चिप्स, डोगले माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य माईस की निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम मे जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार बताया कि हो रहे माइनिंग एवं खनन कार्य स्टॉक की निरीक्षण करने के क्रम मे सभी माइंस संचालकों की स्पष्ट निर्देशित किया कि झारखंड सरकार की नियमों के अनुसार संचालित करे और क्षमता के अनुसार ही खनन किया जाये और ससमय पर राजस्व जमा करने की सख्त निर्देश दिया। नियमों के विरुद्ध कोई कार्य नहीं करने के लिए चेतावनी दिया।

## दलाल द्वारा गरीब महिला का वृद्ध पेंशन का आधा पैसा प्रत्येक माह ले लेने का हुआ खुलासा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कैसे कैसे लोग है धरती पर। कुछ वर्षो पहले लोगो को कहते सुना था कि लोग गरीबो का खून चूसते है। लेकिन आज भी ऐसे लोग बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में है। मामला भोजपुर पंचायत का है। जहाँ उसी गांव के डीलर महिला विकास समूह संचालक राजेश प्रसाद उर्फ भड़भड़िया के द्वारा एक गरीब महिला का वृद्धा पेंशन बनवाने के नाम पर 5000 रुपया लिया गया।पेंशन बन भी गया।हालांकि महिला अत्यंत गरीब है।अपने पति के साथ जंगल से दातौन तोड़ कर दोनो दंपति अपना गुजारा करते है। गरीबी के कारण उनलोगों ने भड़भड़िया उर्फ राजेश प्रसाद को 5000 रुपया नही दे पाई। जिसके वजह से डीलर राजेश प्रसाद ने उसका उक्त महिला पनवा देवी का आधार कार्ड रख लिया। जब भी महिला पनवा देवी का जब भी पेंशन आता महिला को बुला कर अंगूठा लगवा कर पेंशन निकाल कर 500 रुपये खुद रख लेता और 500 रुपया महिला को दे देता है। इस प्रकार अभी तक उक्त गरीब महिला से 4000 रुपया ले चुका है। मामले का खुलासा तब हुआ जब महिला पनवा देवी अपना आधार कार्ड मांगने लगी। पिछले कई महीने से वह डीलर राजेश प्रसाद के घर का चक्कर लगा रही थी। अंततः स्थानीय लोगो के बीच मे आने से उसने महिला का आधार कार्ड वापस किया।आधार कार्ड वापस करते समय भी वह महिला को धमकाता रहा कि वह उसका शेष 1000 रुपये जल्द से जल्द दे दे।जब कि वह महिला गिड़गिड़ाती रही कि 4000 रुपया त लेइये ले ले अब त छोड़ द। परंतु राजेश प्रसाद का दिल नही पसीजा।वह उक्त महिला को धमकाता रहा।इस संबंध में डीलर राजेश प्रसाद उर्फ भड़भड़िया ने बताया कि उक्त महिला का पेंशन मैंने बनवाया है। उसका खाता भी उसी ने खुलवाया है। मेरा 5000 रुपये पर तय था।इसी लिए उस महिला का आधार कार्ड रख लिया था।उसने कहा कि सबके कहने पर उसका आधार कार्ड तो दे दिया लेकिन पैसा नही छोड़ूंगा।

## सभी बीएलओ को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराने का दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड के सभी बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण बीएलओ पर्यवेक्षक वीरेंद्र सिंह ने दिया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को फॉर्म 12 डी का प्रयोग करते हुए पोस्टल बैलेट से मतदान कराने की विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके अतिरिक्त दिव्यांग मतदाताओं को भी पोस्टल बैलेट से फॉर्म 12 डी के माध्यम से मतदान कराने का भी जानकारी दिया गया।इस संबंध में बीडीओ अदिति गुप्ता ने सभी बीएलओ को सभी दिव्यांगों की सूची बना कर जल्द से जल्द प्रखंड को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार सिंह, नंद कुमार मेहता, सिमा कुमारी, सरौती कुमारी, जेई रणधीर कुमार, अशोक कुमार, प्रखंड संवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रखंड संवन्यक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, बीएलओ शीला देवी, राबिया बानो, चिंता देवी, सुनैना देवी, अंजू देवी, सुनीता देवी, नागवंती देवी, संगीता देवी, सुधा देवी, तेतरी देवी सहित सभी बीएलओ उपस्थित थी।

## पांकीः अपराधियों ने अधेड़ पर किया जानलेवा हमला

**पांकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांकी पश्चिमी पंचायत अंतर्गत हरैया गांव में गुरुवार की रात लगभग 9 बजे अज्ञात अपराधियों के द्वारा घर पर सोए हुए कैलू साव नामक अधेड़ व्यक्ति के ऊपर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार हरैया गांव निवासी कैलू साव प्रतिदिन की भांति अपने घर रात्रि करीब 9:00 बजे सोए हुए थे। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया ,हालांकि इस दौरान जोरदार धमाके की भी आवाज हुई वहीं घटना के बाद अपराधी मौके से भाग खड़े हुए, घटना के बाद जब पीड़ित के परिजनों एवं ग्रामीणों ने स्थल पर देखा तो गंभीर रूप से घायल व्यक्ति के कई दांत टूटे हुए थे व उनका मुंह पूरी तरह से जख्मी हो गया था व आसपास खून भी बिखरे हुए पाए गए, जिसके बाद घायल अवस्था में उन्हें तत्काल पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया व मामले की जानकारी पांकी थाना पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी होने के बाद तत्काल पांकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई वहीं गंभीर रूप से घायल कैलू साव को इलाज हेतु मेदनीनगर एम एम सी एच भेजा गया। इधर घटना के संबंध में आसपास के लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज सुनाई दी इसके बाद सभी लोग घटनास्थल की ओर दौड़े जहां देखा कि घायल अधेड़ के चेहरे पर गंभीर जख्म हो गए हैं जिससे घटना को लेकर गोली चलने के कयास लगाए जा रहे हैं।

# चैनपुर प्रमुख गायत्री देवी की कुर्सी बची, अविश्वास प्रस्ताव हुआ खारिज

**अखिलेश @ प्रभात मंत्र**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के सभी 19 पंचायत समिति सदस्यों ने लालजी चौधरी के नेतृत्व में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी को प्रमुख पद से हटाने के लिए 14.03.2024 दिन गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव पारित किया था। जिसका पुनः वोटिंग मतदान तिथि 29.03.2024 दिन शुक्रवार को 11 बजे वोटिंग मतदान का समय निर्धारित अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी द्वारा दिया गया था लेकिन प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक भी पंचायत समिति सदस्य वोटिंग मतदान के लिए उपस्थित नहीं हुए तो अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने अविश्वास प्रस्ताव को खारिज़ करते हुए कहा कि पूर्व प्रमुख ही वर्तमान प्रमुख गायत्री देवी रह गई और उन्होंने कहा कि सभी पंचायत समिति सदस्यों को समय से अधिक पांच मिनट और समय पंचायत समितियों को उपस्थिति दर्ज़



करने के लिए दिया गया था लेकिन पंचायत समिति सदस्य समय पर एक भी अपना उपस्थिति दर्ज़ नहीं किया जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव को खारिज़ किया गया। इधर प्रखंड प्रमुख का लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और पुनः प्रमुख बनने पर बधाई दिया। मौके पर सदर प्रमुख बसंती देवी भी रही मौजूद। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि हमको सभी पंचायत समिति सदस्य गणों पर भरोसा था की हमारा सभी सदस्य सहयोग जरूर करेंगे और उन्होंने कहा कि सभी सदस्य को हम हमेशा साथ लेकर चले हैं और हमेशा साथ लेकर चलेंगे।मौके पर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी,अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, जेपीएस राधे श्याम राम, प्रखंड समनव्यक अमित चौबे वोटिंग मतदान में शामिल थें।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में आचार्यों की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रधानाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में शुक्रवार से त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के पश्चात विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, प्रो.राजेश सिंह, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में तीन दिनों में पंद्रह सत्रों के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं को समायोजित कर संपन्न होगी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नए सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में आचार्य की भूमिका क्या होनी चाहिए पर विस्तृत चर्चा करना है। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने आगामी योजनाओं के ऊपर विधिवत रूप से प्रकाश डालते हुए अनौपचारिक शैक्षणिक



गतिविधि को बढ़ावा देने की बात कही। विद्यार्थियों के विकास में आचार्यों की भूमिका शाश्वत रूप से महत्वपूर्ण मानी गई है।विद्या भारती पूरे राष्ट्र में सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर का संचालन कर रही है। विद्या भारती संगठन समाज के भावी पीढ़ी के अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना प्रारंभ से ही भरने का कार्य कर रही है। वहीं तृतीय सत्र में राजेश सिंह ने अपने संबोधन में बाल्यावस्था में बच्चों के देखभाल एवं शिक्षा पर प्रकाश डाला।विद्या भारती के आचार्यगण अन्य विद्यालयों के शिक्षकों की अपेक्षा विशिष्ट होते हैं क्योंकि अन्य विद्यालय के शिक्षक जहां सिर्फ किताबी ज्ञान देते हैं। वहीं विद्या भारती के शिक्षक किताबी ज्ञान के साथ-साथ एक सभ्य व सुसंस्कृत समाज के निर्माण में योगदान देने हेतू संस्कार, राष्ट्रीयता व नैतिकता का भी ज्ञान देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

## जुम्मे की नमाज अदा कर घर जा रहे रेलकर्मी का हृदय गति रुकने से मौत

**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना क्षेत्र के उरसुला गांव निवासी निजामुद्दीन अंसारी (74) का आज हृदय गति रुकने से निधन हो गया। निजामुद्दीन अंसारी सेवा निवृत्त रेल कर्मी थे। वे शुक्रवार को मस्जिद से जुमे का नमाज अदा कर घर वापस जा रहे थे। तभी अचानक रास्ते मे ही गिर गये और उनकी मौत हो गयी। स्वƨ निजामुद्दीन अंसारी सेवा निवृति के बाद कविलाशी गांव में बने नये मकान में रह रहे थे। इधर उनकी निधन की खबर सुनते ही कई लोगो ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालो में नप के निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, राजद नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, रमेश चौबे, राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, जहीर अंसारी, हफीजुल अंसारी सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## 5 वें वित्त के जेई द्वारा किया जा रहा आचार संहिता का उल्लंघन

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में पिछले एक सप्ताह से महेंद्रा थार जीप से एक साहब आते हैं, साहब का भौकाल तो देखिए, जीप के दोनों तरफ फुल माला लगा रहता है। प्रखंड कार्यालय परिसर में आते ही प्रखंड कर्मी या आम जनता उस साहब के भौकाल को देखते रह जाते है। लोगों में चर्चा होती है कोई बड़ा नेता आ गये है , चुनाव का समय है। जब पता किया तो वो साहब कोई और नहीं 15 वे वित्त के कनिय अभियंता है। अभी कुछ दिन पहले पदस्थापना हुआ है। उनका नाम राजू प्रजापति है। खरौंधी प्रखंड के चंदनी के रहने वाले हैं। अभी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है लेकिन उस साहब का भौकाल आचार संहिता को भी ठेंगा दिखा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुशाविरत के संयोजक बने खुर्शीद हसन रूमी

**रांची** : ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशाविरत ने राज्यों में कमेटी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी कड़ी में झारखण्ड में भी अध्यक्ष फ़िरेज़ अहमद एडवोकेट ने हाल ही में झारखण्ड का दौरा किया और अपने प्रवास के दौरान मुशाविरत से जुड़े विभिन्न दलों के लोगों से मुलाकात की। मजलिस मुशाविरत के सदस्य मौलाना डॉ. यासीन कासमी और सदस्य मंज़ूर अहमद अंसारी के साथ 10 मार्च, 2024 को मस्जिद जाफारिया चर्च रोड, विक्रांत चौक, रांची में एक बैठक में भाग लिया। अध्यक्ष के निर्देश के बाद ऑल इंडिया मजलिस मुशाविरत के महासचिव शेख मंज़ूर अहमद ने एक पत्र जारी किया। जिसमें 6 महीने के अंदर प्रदेश इकाई का गठन कर समिति बनाने को कहा। इस पत्र के अनुसार 7 सदस्यों की एक एडहॉक समिति का गठन इस प्रकार किया गया झारखण्ड राज्य मुस्लिम मजलिस मुशाविरत के पूर्व महासचिव खुर्शीद हसन रूमी को झारखण्ड राज्य का कनवीनर बनाया गया। बाकी को सदस्य बनाया गया। हाजी हलीमुद्दीन रांची, हाजी शकील अहमद लोहरदगा, मुहम्मद मिन्हाज आलम चतरा, मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी रांची, साजिद हुसैन लालू कोडरमा, प्रोफेसर डॉ. जकी अख्तर जमशेदपुर का नाम है।

### जेपीएससी कार्यालय का घेराव एक को

**रांची** : रांची के मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को जेपीएससी कार्यालय घेराव की रणनीति पर चर्चा के लिए एक बैठक हुई। तय हुआ कि राज्य के सभी जिलों से जेपीएससी के छात्र बापू वाटिका, मोरहाबादी पहुंचेंगे और वहीं से जेपीएससी कार्यालय पहुंच कर शांतिपूर्ण तरीके से घेराव करेंगे। झारखंड यूथ एसोसिएशन के संयोजक इमाम सफी ने कहा कि 11वीं जेपीएससी हड़बड़ी में गड़बड़ी कर दिया है। छात्रों के विरोध पर परीक्षा रद्द करने की बजाय जल्दबाजी में गलत उत्तर कुंजी जारी कर दिया, जिससे छात्रों में सरकार के प्रति काफी आक्रोश है। जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक के बाद जेपीएससी परीक्षा में भारी गड़बड़ी से झारखंड के छात्र आर-पार के मूड में हैं।

# डीसी और एसएसपी ने संवेदनशील इलाकों में बूथों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बुंडू प्रखंड के संवेदनशील इलाकों में बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बुंडू प्रखंड कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जिला में मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली सहित अन्य की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। साथ ही बुंडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसीरहातु, बुंडू, बूथ संख्या-10, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय चुरुगी, बूथ संख्या-15 और 16, राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारूहातु, बूथ संख्या-18 एवं 19 का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उपायुक्त ने मतदान बूथों पर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सभी बूथों पर पहुंच कर मुआयना करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने, विद्यालयों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और इसे ससमय पूरा कराने का कहा।

इस दौरान उन्होंने संवेदनशील इलाकों में बूथों का विशेष निरीक्षण किया, ताकि भय मुक्त वातावरण में मतदान कराया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के समय जो भी फोर्स यहां रुके उनके लिए बूथों पर जरूरी सभी आवश्यक सेवा सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी यह पहले से ये देख लें कि बूथों पर सभी आवश्यक सेवा ससमय उपलब्ध रहें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार अग्रवाल, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, बुंडू लाल मोहन मरांडी, भूमि सुधार उप समाहर्ता बुंडू छवि बारला, प्रखंड विकास पदाधिकारी बुंडू रेणु कुमारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी बुंडू पवन कुमार, उप-निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग रांची रवि शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी, तमाड़, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सभी पुलिस सेक्टर पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महागठबंधन के पास उम्मीदवारों का टोटा डूबती नाव की सवार से बच रहे लोग : प्रतुल

**प्रतुल ने शुक्रवार को कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर भी रोज फार्मूला बदलने की खबरें आती हैं। कभी 5-6-2-1 तो कभी 7-5 -1-1 । गठबंधन के लोगों को सिर्फ ज्यादा से ज्यादा सीटों को हथियाने की चिंता है।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आज तक महागठबंधन के द्वारा झारखंड में सिर्फ तीन उम्मीदवारों की घोषणा पर तंज करते हुए कहा है कि महागठबंधन के पास उम्मीदवारों का टोटा है। महागठबंधन के नेता डूबती नाव की सवारी से बचते दिख रहे हैं। इसलिए अभी तक सिर्फ तीन नाम की घोषणा हुई। प्रतुल ने कहा कि इसके उलट एनडीए गठबंधन से अब तक सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है और सब प्रचार कर रहे हैं। 11 उम्मीदवारों की घोषणा तो एक माह पूर्व ही हो गई थी। प्रतुल ने शुक्रवार को कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर भी रोज फार्मूला बदलने की खबरें आती हैं। कभी 5-6-2-1 तो कभी 7-5 -1-1 । गठबंधन के लोगों को सिर्फ ज्यादा से ज्यादा सीटों को हथियाने की चिंता है। जनता के बारे में इन्होंने अपनी कोई सोच या योजना उजागर नहीं की है। अंततः ऐसा ना हो कि महागठबंधन को जनता ही झारखंड से नौ दो ग्यारह कर दे। प्रतुल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरे देश में राष्ट्रवाद और विकास की आंधी चल रही है। इस आंधी का सामना करने के लिए महागठबंधन के नेता हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। प्रतुल ने कहा कि महा गठबंधन के भीतर खाने से चुनाव लड़ने के मुद्दे पर नेताओं में एक दूसरे को %पहले आप, पहले आप% कहने वाली स्थिति दिख रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि धर-पकड़ और आरजू-मिन्नत कर पिछले बार के चुनाव में हारे हुए उम्मीदवारों को ही खोज-खोज कर लड़ाने की तैयारी की जा रही है।

# ज्ञान बाण तीरंदाजी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : ज्ञान बाण तीरंदाजी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रांची के चाणक्य बीएनआर होटल में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विश्व तीरंदाजी की चैंपियन रही कोमालिका बारी शामिल हुई। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं को तीरंदाजी के टिप्स दिए। साथ ही तीरंदाजी में अपने भविष्य को कैसे सवार सके इस पर भी चर्चा की। सनातन विद्या निकेतन की छात्रा फिजा आफरीन को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

वहीं स्कूल की उप-प्राचार्य प्रज्ञा अवस्थी समेत आरबीआई के रीजनल डायरेक्टर, डीजीएम, एक्स सीजीएम सहित अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

# गिरिडीह सीट से एनडीए उम्मीदवार के तौर पर चंद्र प्रकाश चौधरी चुनाव लड़ेंगे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । शुक्रवार को आजसू पार्टी ने आजसू संसदीय समिति की बैठक में गिरिडीह लोकसभा सीट के उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया गया है। बैठक में विचार विमर्श के लिए आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो, सांसद सीपी चौधरी, विधायक लंबोदर महतो तथा संसदीय बोर्ड के सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गिरिडीह सीट से एनडीए उम्मीदवार के तौर पर चंद्र प्रकाश चौधरी चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि वर्तमान में चंद्र प्रकाश चौधरी गिरिडीह निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं। वह 2005 से 2019 तक रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित झारखंड विधानसभा के सदस्य रहे हैं। चौधरी रघुवर सरकार में जल संसाधन, पेयजल और स्वच्छता विभाग में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। चौधरी के नाम का ऐलान करने के बाद आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा कि एनडीए गठबंधन के तहत 13 लोकसभा सीटों पर भाजपा अपना प्रत्याशी दे चुकी है, वहीं एक सीट गिरिडीह लोकसभा आजसू के खाते में मिली है। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने निर्णय लिया है कि चंद्र प्रकाश चौधरी को एक बार फिर से प्रत्याशी बनाया जाये।

# कांग्रेस जल्द ही सीटों की घोषणा करेगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोध कांत सहाय, बंधु तिर्की , राम टहल चौधरी ने मुलाकात की। इन नेताओं ने अध्यक्ष के साथ शिष्टाचार मुलाकात बताया । वहीं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। सीटों की शेयरिंग पर भी बातें हुई। अब देखना यह होगा कि झारखंड में सीट शेयरिंग कैसे तय होगी और रांची लोकसभा का खुलासा भी नहीं हो रहा है। वहीं बीजेपी ने अपने एक-दो सीट को छोड़कर सभी सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। ऐसे में राज्य में कांग्रेस भी चुन-चुनकर सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर रही है। झामुमो के साथ मिलकर भी सीटों की शेयरिंग की जानी है। नेताओं ने कहा कि बहुत जल्द सीटों की घोषणा कर दी जाएगी।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। क्षत्रिय समाज के दो उम्मीदवारों के टिकट काटने से नाराजगी जतायी है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बिनु सिंह उर्फ बिनय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में 14 लोकसभा सीटें हैं। भाजपा ने इस बार 14 में से एक भी सीट पर क्षत्रिय समाज से उम्मीदवार नहीं बनाया है।

क्षत्रिय समाज को टिकट न देकर हमें दबाने की कोशिश की जा रही है। सिंह लाला लाजपत राय स्कूल के समीप स्थित आवास पर संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान में क्षत्रिय सांसद हैं। धनबाद लोकसभा से पीएन सिंह तीन बार के सांसद हैं। चतरा लोकसभा से सुनील सिंह दो बार के सांसद रह चुके हैं। इस बार पार्टी ने दोनों का टिकट काटकर गैर क्षत्रिय को उम्मीदवार बनाया है। इस फैसले का अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पुरजोर विरोध करती है। मौके पर महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रदेश की कुल आबादी के सात प्रतिशत हिस्सेदारी क्षत्रिय समाज की है। पिछले आम चुनाव में भाजपा ने 14 में से दो सीटों पर क्षत्रिय उम्मीदवार बनाये थे। इस बार पार्टी ने दोनों का टिकट काट दिया। धनबाद से पीएन सिंह की जगह पार्टी ने ढुल्लू महतो तो चतरा से सुनील सिंह की जगह कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है। ललन सिंह ने कहा कि झारखंड का क्षत्रिय समाज भाजपा के इस फैसले के विरुद्ध है। भाजपा प्रत्याशी बदले नहीं तो वे निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव में उतारेंगे। उन्होंने धनबाद से ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाये जाने पर आपत्ति जताई है।

# बड़ी घटना की योजना बना रहे दो आरोपी गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी मस्जिद के पास मोहम्मद कबीर नामक व्यक्ति और उसके साथ चार पांच अज्ञात लोगों के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने का प्लान बना रहा है एवं उसके पास अवैध हथियार भी रखा हुआ है। इस सूचना का सन्हा दर्ज करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता के नियंत्रण में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के द्वारा छापामारी दल का गठन किया गया । छापेमारी दल में शामिल सभी पुलिसकर्मियों ने कुशलता पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्माण करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिसमें मोहम्मद कबीर उर्फ बबलू और मोहम्मद सोनू उर्फ सोनू बारूद शामिल है।

इसके पास एक देसी कट्टा एक ब्लू रंग का रेडमी स्मार्टफोन भी बरामद किया गया है। छापामारी दाल में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए, हिंदपीढ़ी थाना के पवन कुमार रजक, सचिन कुमार मिश्रा, डेगन कुमार, नवीन कुमार , अशोक कुमार शामिल थे।

# चुनाव ड्यूटी में इलेक्ट्रिक वाहनों को हायर करने के लिए भाड़ा तय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए ईवी श्रेणी के वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज की दर्ज निर्धारित कर दी गयी है। परिवहन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। विभाग ने पहले ही पेट्रोल-डीजल वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज तय कर दिया था। अब इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भी दरों को तय किया है यानी चुनावी ड्यूटी में यदि ये वाहन प्रयोग में लाये जाते है तो उन्हें निर्धारित दरों का ही भुगतान वाहन संचालकों के पक्ष में करना होगा। महिन्द्रा एसयूवी 400 ईवी, टाटा टियागो नेक्सन ईवी, टाटा टिगोर ईवी, एसी कारः 1470 रुपये।, महिन्द्रा एसयूवी 400 ईवी, टाटा टियागो, नेक्सन ईवी, टाटा टिगोर ईवी, बिना एसीः 1280 रुपये। टाटा पंच ईवी, टाटा टियागो ईवी, वातानुकूलितः 1340 रुपये। टाटा पंच ईवी, टाटा टियागो ईवी, बिना वातानुकूलित कारः 1170 रुपये। इलेक्ट्रिक ऑटो : 620 रुपये। ई-रिक्शा, ई कार्ट : 400 रुपये।

### राज्य सरकार दोषियों को फांसी की सजा दिलाए : आरती कुजूर

**रांची** : भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि अंकिता हत्याकांड के दोषी शाहरुख हुसैन और मो. नईम को उम्रकैद कि सजा हुई है। हम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं। साथ ही सरकार से आग्रह करते हैं कि हाई कोर्ट में सरकार अपील करे कि ऐसे अपराधियों को फांसी की सजा हो। आरती कुजूर प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। आरती ने कहा कि झारखंड की बेटियों की इज्जत लूटने और जान लेने पर उतारू लोगो को फांसी की सजा हो।

# नशे के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर युवा आजसू ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : युवा आजसू के एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा को जिले में सक्रिय ड्रग्स पैडलर/ड्रग्स माफियाओं की सक्रियता पर कार्रवाई करने और युवाओं को ड्रग्स माफियाओं के चंगुल से दूर करने के लिए पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह एवम जब्बार अंसारी के नेतृत्व में एसएसपी से मिले प्रतिनिधि मंडल ने रांची में तेजी से बढ़ रहे ड्रग्स के कारोबार और युवाओं को ड्रग्स की लत लगाकर उनके भविष्य को बर्बाद कर रहे बेखौफ ड्रग पैडलर की ओर ध्यान आकृष्ट कराया । युवा मोर्चा की मांग है कि ड्रग्स पैडलर के खिलाफ त्वरित कार्यवाई के लिए स्पेशल दस्ते के गठन, स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मस्जिद सहित सभी धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में पान गुमटी, गुटखा, सिगरेट, चाय की दुकानों को अविलंब हटाने और सभी गुमटियों पर स्पेशल दस्ता के माध्यम से निगरानी रखने, नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक नुकसान के बारे में विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही जिले के सभी बॉर्डर क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच करने की जाए। युवा आजसू के सौरव कुमार, गदाधर महतो, नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, अभिषेक झा, अजित कुमार, अंशुतोष कुमार, कैलाश कुमार सहित अन्य मुख्य से शामिल रहे।

# आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक 25 गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची पुलिस ने चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू करने के बाद से अबतक अवैध रुप से शराब के निर्माण और व्यापार एवं अवैध कार्यों में संलिप्त 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित कराने के लिए अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब निर्माण, भंडारण , व्यापार और तस्करी के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से सघन अभियान चलाया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक विभिन्न थाना,ओपी क्षेत्रों में कई एकड क्षेत्रफल में लगे अफीम की खेती को नष्ट करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। अवैध देशी शराब के निर्माण , भंडारण और व्यापार के रोकथाम की दिशा में शराब की भट्टियों एवं जावा महुआ को नष्ट किया गया है। साथ ही शराब जब्त कर विधि-सम्मत कार्रवाई की गई है।

अबतक की गई कार्रवाई में जिला पुलिस को कई सफलता मिली है। इस दौरान जिले में 12.61 ग्राम ब्राउन शुगर, अफीम 118 किलो, शराब 657 लीटर और जावा महुआ 300 किलो जब्त किया गया है। जब्त सामान की कीमत तीन लाख 96 हजार 827 रुपये आंकी गयी है।

एसएसपी ने बताया कि शहर में सक्रिया ब्राउन शुगर कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें पवन कुमार, कोमल देवी, नितिन कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार यादव, राकेश यादव, हर्ष कुमार, संतोष मुंडा शामिल है। जबकि अफीम की खेती करने के मामले में आशीष कुजूर को गिरफ्तार किया गया है।

# आयकर विभाग भाजपा को छूट और कांग्रेस से लूट की नीति पर कर रहा काम : राजेश ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा को छूट और कांग्रेस से लूट की नीति के तहत देश में आयकर विभाग काम कर रहा है। लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के जरिये कराए गए आंतरिक सर्वे में हार की रिपोर्ट आने पर सरकारी एजेंसियां ईडी, सीबीआई और आईटी आदि खुलकर मैदान में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग के जरिये कांग्रेस को 1823 करोड़ का नोटिस भेजा गया है। 135 करोड़ कांग्रेस के खाते से पहले ही आयकर विभाग के जरिये निकाला जा चुका है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा के खाते की जो जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर है उसमें 1297 लोगों ने बिना नाम पते के बिना पूरी जानकारी के 42 करोड़ रुपये भाजपा के खाते में 2017-18 में जमा किए हैं। कांग्रेस के 14 लाख के डिपॉजिट पर आयकर विभाग ने हमारे खाते फ्रीज कर दिए लेकिन भाजपा के 42 करोड़ नजर नहीं आए। भाजपा ने जो नियम का उल्लंघन किया है इसके चलते उन पर 4600 करोड़ की देनदारी बनती है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



### अज्ञात शव के मामले में डीएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर की छानबीन, नहीं मिला कोई सुराग



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोबरघुसी पंचायत के चुड़ाबुरु पहाड़ से बरामद अज्ञात शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को भी नहीं हो सका। मामले को गंभीरता से लेते हुए पटमदा डीएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन की। लेकिन देर शाम तक कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला। डीएसपी बचन देव कुजूर ने बताया कि मृतक कहां से आए थे और उनके साथ कौन -कौन लोग शामिल थे या हत्याकांड के पीछे कौन लोग शामिल थे, इन सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है। पुलिस द्वारा आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट भी मंगाई जा रही है और शव की तस्वीर जिले के सभी थानों समेत पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कई थानों में भी भेजी गई है ताकि जल्द से जल्द कोई जानकारी मिल सके। इस संबंध में आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहली बार क्षेत्र में इस तरह की घटना हुई है इसलिए उनलोग भी समझ नहीं पा रहे हैं। मौके पर डीएसपी के साथ पटमदा के सर्किल इंस्पेक्टर कौशलेंद्र कुमार, थाना प्रभारी करमपाल भगत एवं सहायक अवर निरीक्षक प्रशांत कुमार आदि शामिल थे।

### जमशेदपुर एफसी रिजर्व और ईस्ट बंगाल एफसी का मैच ड्रॉ पर खत्म



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग रीजनल क्वालीफायर-2 में एक रोमांचक मुकाबले में जमशेदपुर एफसी रिजर्व ने ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला. शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक इरादे दिखाए और शुरुआती बढ़त हासिल करने के लिए उत्सुक रहीं. जमशेदपुर एफसी रिजर्व ने 22वें मिनट में चांगथु लालहरियातपुइया के गोल की मदद से बढ़त हासिल की. 30वें मिनट में भास्कर छेत्री ने एक और गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया. ईस्ट बंगाल एफसी द्वारा बराबरी हासिल करने के अथक प्रयासों के बावजूद, जमशेदपुर एफसी रिजर्व ने अपनी मजबूत रक्षा को बनाए रखा और सुनिश्चित किया कि वे हाफटाइम तक अपनी बढ़त बनाए रखें. दूसरे हाफ में ईस्ट बंगाल एफसी ने बराबरी की तलाश में लगातार हमले किए. हालांकि, जमशेदपुर एफसी रिजर्व की डिफेंस दृढ़ रही, जिससे उनके विरोधियों को बराबरी करने का मौका अब तक नहीं मिला. गेम का रुख 90 मिनट के बाद बदला और गुनराज सिंह ग्रेवाल ने 90 प्लस 1वें मिनट में और 90प्लस 5वें मिनट में सुमन डे ने गोल कर टीम को बराबरी दिलाई. जमशेदपुर एफसी रिजर्व और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच मैच ड्रॉ हो गया.

### द लुक्स सैलून में स्कीन केयर वर्कशॉप आज, कोलकाता के स्कीन एक्सपर्ट करेंगे ट्रीटमेंट



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** द लुक्स सैलून बिस्टुपुर मे आज 30 मार्च को एक दिन का स्कीन केयर वर्कशॉप रखा गया है । जिसमे आज स्कीन एक्सपर्ट सुबह 11ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे स्कीन से सम्बंधित जानकारी देंगे और बताएंगे की कैसे अपने फेस एवं स्कीन का ख्याल रखे । ये स्कीन केयर वर्कशॉप का आयोजन एक दिन के लिए ही रखा गया है । जिसमे कोलकाता के स्कीन एक्सपर्ट के द्वारा स्कीन का ट्रीटमेंट भी किया जायेगा । इस अवसर सभी फेसियल एवं स्कीन ट्रीटमेंट पर 30 प्रतिशत की विशेष छूट दिया जायेगा । यह ऑफर जेनेट कॉस्मेटिक के तरफ से दिया जा रहा है । जो की झारखंड मे पहली बार बिस्टुपुर मे स्थित द लुक्स सैलून मे किया जायेगा । द लुक्स सैलून के मैनेजर ने कहा की समय समय पर इस तरह के सुविधा लुक्स सैलून के द्वारा चलाया जाता रहेगा । जिसका लाभ जमशेदपुर वासी उठा सकते है । साथ ही साथ हाइड्रा फेसियल पर भी ऑफर दिया जा रहा है ।

### परसुडीह में हरिनाम महायज्ञ का 43वां वार्षिकोत्सव शुरू समापन कल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री राधा गोविंद सेवा समिति परसुडीह द्वारा आयोजित श्री श्री हरिनाम महायज्ञ ( 8 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन) का 43वां वार्षिकोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार 29 मार्च की रात 8 बजे अधिवास कीर्तन से हुआ। तीन दिनों तक होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन परसुडीह ग्वाला बस्ती स्थित राधा गोविंद मैदान में हो रहा हैं। दूसरे दिन शनिवार से तीसरे दिन रविवार सुबह तक अखंड हरिनाम संकीर्तन होगा। अंतिम दिन रविवार 13 मार्च को दोपहर 2.30 बजे से महाप्रसाद वितरण और संध्या में बाउल गीत से कार्यक्रम का समापन होगा। इस संबंध में सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष सूर्यकांत घोष और महासचिव रतन डे ने प्रेस-विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान और नादिया से कुल 5 कीर्तन मंडली आयी है, जिसमें दो महिला मंडली भी हैं।

### डीसी, एसएसपी ने चाकुलिया व धालभूमगढ़ प्रखंड मुख्यालय में बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

# कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने चाकुलिया एवं धालभूमगढ़ प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक किया। बैठक में अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए कई दिशा निर्देश दिया गया । मौके पर एसपी ग्रामीण श्री ऋषभ गर्ग, डीटीओ धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, एसडीओ घाटशिला सच्चिदानंद महतो, एसडीपीओ घाटशिला, बीडीओ एवं सीओ चाकुलिया/ धालभूमगढ़ तथा चाकुलिया नगर पंचायत के पदाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में क्रिटिकल मतदान केन्द्र, कलस्टर निर्माण, रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम की संरचना, व्यय को लेकर संवेदनशील पॉकेट, पोस्टल बैलेट के मतदाता आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं पिछले चुनावों में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कार्ययोजना पर विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में सुरक्षा की दृष्टि से कोई खतरा तथा मतदान केन्द्रों के वल्नेरेबल मैपिंग पर भी चर्चा किया गया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा चाकुलिया प्रखंड में कस्तूरबा बालिका मध्य विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेंद में कलस्टर निर्माण के तैयारियों का जायजा लिया गया कलस्टर में पोलिंग पार्टी, पुलिस बल तथा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के ठहरने एवं अन्य सुविधाओं को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया।



### चाकुलिया में झारखंड-पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती अंतर्राज्यीय चेकनाका बेंद का किया निरीक्षण

**- चेकनाका से अनुपस्थित पाये जाने पर 2 जवानों को शो-कॉज**

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर चाकुलिया के बेंद में स्थापित अंतर्राज्जीय चेकनाका का जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल के द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया । लोकसभा आम चुनाव 2024 की तिथियां घोषित होने के साथ ही जिले में अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाका सक्रिय हैं । जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या अन्य फ्रीबिज का अवैध परिवहन नहीं होने पाये जिससे चुनाव प्रक्रिया बाधित किया जा सके इसके मद्देनजर 24x7 चेकनाका सक्रिय हैं तथा उड़नदस्ता एवं स्थाई चेकनाका के माध्यम से मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल द्वारा छोटे - बड़े वाहनों की गहन जांच की जा रही है । निरीक्षण के क्रम में जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा चेकनाका में पंजी संधारण की जांच की गई । वहीं चेकनाका में तैनात पुलिस बल के दो जवानों के मौके पर अनुपस्थित पाये जाने को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने एसडीपीओ घाटशिला को शो-कॉज करने का निर्देश दिया ।

### माचा गांव में आयोजित अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम रात्रि में उमड़े श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के माचा गांव स्थित प्राचीन हरि मंदिर में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन की जागरण रात्रि के मौके पर गुरुवार को भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। अंतिम दिन विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो शामिल होकर मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली कामना की। इसके पहले इस धार्मिक अनुष्ठान में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो, समाजसेवी आस्तिक महतो, स्वपन महतो, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, मुखिया काजल सिंह, ग्राम प्रधान तिलक सिंह समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया और ग्राम प्रधान आदि उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में अजीत कुमार दत्त व दिलीप कुमार दत्त आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### ईचागढ़ पुलिस ने टीकर गांव में छापेमारी कर 6 किलो गांजा समेत एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव से पुलिस ने करीब 6 किलो गांजा व गांजा चूर्ण के साथ कार्तिक गोराई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सरायकेला पुलिस कप्तान के निर्देश पर चाण्डिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार राजवार के नेतृत्व में टीकर गांव में गांजा के खिलाफ छापेमारी कर 2. 303 किलो गांजा एवं 4.017 किले गांजा चूर्ण बरामद कर जप्त किया गया। मौके से गांजा तस्कर कार्तिक गोराई को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि सरायकेला खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुरे जिला में गांजा,शराब एवं अन्य ड्रग्स के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

### बीआर चैरिटेबल मेडिकल ट्रस्ट का फ्री मेगा हेल्थ चेकअप कैंप कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** न्यू कालीमाटी रोड, गाड़ाबासा स्थित बी आर चैरिटेबल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा झारखंड के प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ स्वर्गीय डॉक्टर आर पी ठाकुर के सातवी पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन 31 मार्च को एन एडवांस स्किन हॉस्पिटल, मानिफिट टी ओ पी के बगल मे सुबह 8ः00 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक किया जा रहा है । जिसमे चर्म रोग, कृष्ठ रोग, महिला रोग, शल्य रोग, फिजिशियन चिकित्सक, इ एन टी एवं नेत्र रोग चिकित्सक के अलावा सुपर स्पेसिलिस्ट डॉक्टर यूरोलॉजिस्ट संजय जोहरी एवं हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर अजय अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे ।उक्त जानकारी देते हुए डॉक्टर




राजीव ठाकुर ने कहा की इस निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप मे शहर के कई नामी गिरामी डॉक्टर उपस्थित रहेंगे एवं निशुल्क चेकअप के पश्चात मरीजों को होने वाली बीमारियों और उससे बचाव के उपाय भी बताएंगे। डॉक्टर राजीव ठाकुर ने कहा की उनके पिता स्वर्गीय डॉक्टर आर पी ठाकुर वैसे तो टी एम एच के वरिय चिकत्सक थे परन्तु वे गरीबों और जरूरतमंदों का मुफ्त इलाज करते थे ।

### आरआईटी थाना क्षेत्र के अवैध शराब भट्टी पर बड़ी कार्रवाई, सभी भट्टियां ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला खरसावां जिले के उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर आरआईटी थाना क्षेत्र के अवैध शराब भट्टी पर बड़ी कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा को गुप्त सूचना मिली थी कि आरआईटी थाना अंतर्गत भुआ, पार्वतीपुर एवं अन्य नदी किनारे स्थलों पर अवैध शराब भट्टी संचालित किया जा रहा है। तत्पश्चात उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित कर उक्त स्थलों पर छापामारी की गई, जहां 700 किलोग्राम जावा महुआ विनस्ट किया गया। साथ ही 40 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद कर जप्त किया गया। छापामारी दल के धावा बोलते ही अवैध शराब भट्टी के संचालक वहां से भाग निकले। उत्पाद विभाग द्वारा सभी अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त कर दिया गया।

### टीएसएएफ 16 वर्षीय पर्वतारोहण काम्या के माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के पहले प्रयास का करेगा समर्थन

## चाणक्य चौधरी ने टीम को किया फ्लैग ऑफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने वाली भारत की अग्रणी संस्था टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने आज माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए एक नए अभियान को गर्व से रवाना किया, जिसमें भारत की सबसे सफल और सबसे कम उम्र की पर्वतारोही काम्या कार्तिकेयन शामिल हैं, जो 29,031.7 फीट पर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी के शिखर तक पहुंचने का अपना पहला प्रयास करेंगी। टीम को आज टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने फ्लैग ऑफ किया, जिसमें काम्या के पिता और भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकेयन भी शामिल हैं।काठमांडू से 6 अप्रैल से शुरू होने वाले इस सात सप्ताह के अभियान की मई के अंतिम सप्ताह में पूरा होने की उम्मीद है। माउंट एवरेस्ट शिखर पर अभियान के लिए एवरेस्ट बेस कैंप में लगभग 40-45 दिनों की लंबी जलवायु-अनुकूलन अवधि की आवश्यकता होती है, जिसमें उच्च शिविरों में कई चक्कर लगाना शामिल है। शिखर तक के रास्ते में बेस कैंप के बाद 4 कैंप हैं।खुंबू हिमपात को पार करने के बाद 6,000 मीटर पर कैंप 1, 6400 मीटर पर कैंप 2, 7300 मीटर पर कैंप 3 और 7,950 मीटर की ऊंचाई पर कैंप 4 (साउथ कॉल) है, जहां पर्वतारोहियों को अंतिम शिखर चढ़ाई के लिए अनुकूल मौसम मिलने तक इंतजार करना पड़ता है। काम्या 03 अप्रैल को काठमांडू पहुंचेंगी, 06 को ईबीसी की यात्रा शुरू करेंगी और 13 अप्रैल तक वहां पहुंच जाएंगी। काम्या पहले ही दुनिया के 5 महाद्वीपों के सबसे ऊँचे पहाड़ों पर चढ़ चुकी हैं चाणक्य चौधरी ने कहा, काम्या जैसी युवा स्पोर्ट्स स्टार को देखना, जिसने पहले ही वह हासिल कर लिया है जिसे हासिल करने में हममें से अधिकांश लोगों के लिए एक से अधिक जीवन लग सकता है।




### सरायकेला में पॉलिथिन के विभिन्न वस्तुओं का धड़ल्ले से उपयोग जारी

## मवेशियों के लिए प्राणघातक साबित हो रहे हैं प्लास्टिक के कचरे

**भाग्य सागर सिंह@प्रभात मंत्र**

**सरायकेला :** पॉलिथिन के उपयोग पर वर्षों पूर्व की गई पहल अब कहीं भी सरायकेला जिला मुख्यालय में नजर नहीं आ रही है। नगरपंचायत क्षेत्र के विभिन्न गली मोहल्लों के सड़क किनारे पॉलिथिन कचरों के ढेर फैले हुए हैं। शहरी क्षेत्र को स्वच्छ रखने हेतु नगरपंचायत द्वारा प्रयास जारी है। कुछ क्षेत्र में नियमित कूड़ा बटोरने वाली गाड़ियां नजर आती हैं। इसके बावजूद प्लास्टिक कचरों के फैलाव पर नियंत्रण नहीं हो सका है। रंग बिरंगे कैरी बैग को बाजार क्षेत्र में आवारा घूमते गाय एवं बकरियां चरती रहती हैं। मिली जानकारी अनुसार अब तक कई गाय एवं बकरियों की मौत प्लास्टिक कचरा खाने के कारण हो चुकी है। बताया जाता है कि वर्षो पूर्व शहरी क्षेत्र में पॉलिथिन उपयोग पर रोक लगाने हेतु पहल किया गया था। दुकानदारों एवं ग्राहकों को भी नुकसानदायक पॉलिथिन के कैरी बैग सहित अन्य वस्तुओं का उपयोग नहीं करने हेतु जागरूक किया गया था। औचक छापेमारी के क्रम कई दुकानदारों के यहां पॉलिथिन कैरी बैग मिलने पर जुर्माना भी लगाया गया था। लेकिन मौजूदा समय सरायकेला में जम कर नुकसान दायक पॉलिथिन के विभिन्न वस्तुओं का धड़ल्ले से उपयोग जारी है। इसी कारण पूरे बाजार क्षेत्र में प्लास्टिक कचरों का अंबार लगा हुआ है। प्लाटिक कचरों के कारण ही शहर की अनेक नालियां भी अवरुद्ध हो गई हैं।



### तिरुलडीह के कालिंदी बस्ती में जंगली हाथियों ने घर पर बोला हमला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** बीती रात जंगली हाथी ने कुकड़ु प्रखंड के तिरुलडीह के कालिंदी बस्ती में जमकर किया तोड़फोड़। इसी क्रम में सिरकाडीह ग्राम निवासी बिकास कालिंदी के घर को तोड़कर घर मे रखे सामानों को तहस नहस कर दिया। पीड़ित परिवार ने बताया कि लगभग साढ़े दस बजे रात को जंगली हाथी इधर आया और घर के दरवाजे सहित दीवारों को तोड़ दिया। वही उन्होंने आगे बताया कि घटना की जानकारी वन विभाग को फोन पर दिया गया है।हमारे पत्रकार ने जब विभागीय अधिकारि से घटना के बारे में जानकारी ली तो वन अधिकारी मैनेजर मृद्धा ने बताया कि स्टाफ घटना स्थल के लिए भेजे गए है।

### कुचाई में शिक्षकों का सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन, बीपीओ बोले

## शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों का अहम योगदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के आम बागान परिसर में शुक्रवार को सहायक अध्यापक संघ कुचाई की ओर से शिक्षकों का सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में सेवानिवृत शिक्षक एनपीएस रायसिंदरी के सुखराम सिंह मुंडा,सुरसी के सूरत लाल सिंह मुंडा व मोटाईगुटु विद्यालय के रूईया लाल सिंह सामड एवं बंदोलोहर के मेनका देई प्रधान को सहायक अध्यापक संघ कुचाई की ओर से सोल उड़ाकर एवं पौध देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बीपीओ नाथो महतो ने कहा कि सेवा में आने वाला का सेवानिवृत होना एक परंपरा है, जिसे हर किसी को पालन करना ही है। आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है.वही संघ जिला उपाध्यक्ष रुद्र प्रताप महतो ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों का काफी अहम योगदान रहता है. शिक्षक संघ उनके कार्यो को सदैव याद रखेगा। मौके पर संघ के अध्यक्ष करम सिंह मुंडा सीआरपी शीतल साहु, राजकुमार महतो, रामचरण कुम्हार, बिरेंद्र नाथ सोय, जयलता मुंडारी, सुखभंजन सिंह मुंडा, सुचित्रा महतो, करम सिंह मुंडा, सचिदानंद प्रधान, गोवर्धन नायक गोपीनाथ नायक, भोलेनाथ गोप, चुमरु हेंब्रम, आदि उपस्थित थे।



## लोयोला स्कूल चर्च में श्रद्धा के साथ मनाया गया गुड फ्राईडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लोयोला स्कूल चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे बड़े ही श्रद्धा के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। खुले मैदान में प्रभु यीशु मसीह के 14 क्रूस मार्ग की आराधना हुई। प्रत्येक मार्ग का विस्तार से उल्लेख किया गया।इसके उपरांत सभी रोमन कैथोलिक विश्वासी चर्च में गए और तकरीबन 2 घंटे तक क्रम की उपासना हुई और उसके बाद मिसा बलिदान किया गया। रेक्टर फादर केएम जोसेफ, प्रोविंशियल फादर जेरोम कुटीनो, फादर पास्कल धनवार, फादर चार्ल्स परेरा, फादर जोसेफ एंथोनी आदि ने गुड फ्राइडे के महत्व को सामने रखा।उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानव जाति की रक्षा के लिए खुद को क्रूस पर बलिदान दे दिया। ऐसे में हमें उनके बलिदान को याद रखना है। परमपिता परमेश्वर के पुत्र यीशु ने जो दुख भोगा था, उसे हमें महसूस करना है और अपने आप को क्रूस के लिए और सत्य मार्ग के लिए समर्पित कर देना है।शुक्रवार एवं शनिवार को रोमन कैथोलिक विश्वासी उपवास रखेंगे और शनिवार को रात में प्रभु का पुनरुत्थान होगा और उसकी याद में चर्च में रात 9ः00 बजे आराधना होगी और रविवार को ईस्टर का पर्व मनाया जाएगा। वही प्रोटेस्टेंट एवं अन्य लूथरन मिशन के विश्वासी रविवार की रात कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों के कब्र में मोमबत्ती अगरबत्ती जलाएंगे और पोस्ट को अर्पित करेंगे और उनके पुनरुत्थान के लिए प्रार्थना करेंगे।



### क्यों मनाते हैं गुड फ्राइडे

आज से तकरीबन 2000 साल पहले रोम में ईसा मसीह काफी लोकप्रिय थे, तब वहां के धर्म गुरुओं को अपनी लोकप्रियता कम होने का डर सताने लगा। तब यहूदी शासकों ने प्रभु यीशु पर राजद्रोह का आरोप लगाया और उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई। इस दौरान ईसा मसीह को कई तरह की यातनाएं दी और फिर उन्हें सूली में लटका दिया।माना जाता है कि जिस दिन प्रभु यीशु ने अपने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था। साथ ही यह भी माना जाता है कि अपनी मौत के दो दिन बाद यानी रविवार के दिन ईसा मसीह दोबारा जीवित हो गए थे। इसलिए हर साल ईस्टर सन्डे से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को गुड फ्राईडे मनाया जाता है।

संपादकीय

## स्वतंत्र जांच जरूरी

स्वतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव व आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला नया नहीं है। खासकर चुनावी वेला में तो यह स्थिति चरम पर होती है। लेकिन इस टकराव का प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के स्वाभाविक प्रभाव को बाधित करने वाला नहीं होनी चाहिए। युद्ध की तरह से राजनीति के भी अपने नियम होते हैं और मुकाबले के लिये बराबर का अवसर भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। साथ ही यह जरूरी है कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध को दूर करने के लिये संवाद की प्रक्रिया भी निरंतर चलती रहनी चाहिए, ताकि अनावश्यक गतिरोध को टाला जा सके। बीते गुरुवार को देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाए गए कि खाते फ्रीज करके पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश सत्ता पक्ष की ओर से की जा रही है। यूं तो कांग्रेस पिछले पांच वर्षों में लगातार सत्ता पक्ष की रीतियों-नीतियों पर हमलावर रही है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस द्वारा लगाए आरोपों की गंभीरता पर भी विचार किया जाना चाहिए। वैसे भी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी प्रक्रिया को सुचारू और विश्वसनीय बनाने के लिये विपक्षी दलों को मुकाबले का बराबर अवसर तो मिलना ही चाहिए। निश्चित रूप से इससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता व प्रामाणिकता को संबल मिलता है। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य विपक्षी पार्टी को आयकर विभाग की कार्रवाई से वित्तीय संकट की ओर धकेला जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी की मुद्दे को लेकर गंभीरता इस बात से भी उजागर होती है कि हाल-फिलहाल यह पहला अवसर है कि पार्टी के तीन शीर्ष नेता कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर आए। विशेष तौर पर ऐसी स्थिति में जब देश में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है कांग्रेस के आक्षेप को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि सत्ता पक्ष विपक्षी राजनीतिक दलों को बराबर का मौका उपलब्ध कराये, जिससे चुनावी मुकाबला न्यायसंगत बना रह सके। यदि मुख्य विपक्षी दल यह आरोप लगाए कि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी के खाते फ्रीज करके उसके चुनाव लड़ने और प्रचार करने में बाधा उत्पन्न हुई तो यह स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिये अच्छा नहीं है। निश्चित रूप से कांग्रेस के आरोपों की स्वतंत्र जांच की जानी चाहिए। पार्टी का कहना है कि खाते फ्रीज होने से पार्टी के समक्ष उत्पन्न आर्थिक तंगी से पार्टी न विज्ञापन दे सकती है और न ही अपने नेताओं के लिये हवाई टिकट बुक करा पा रही है। उसका यह भी कहना है कि उसे रैली आयोजित करवाने में परेशानी हो रही है। हालांकि, कांग्रेस के आरोपों से इतर सरकार व आयकर विभाग के अधिकारियों की अपनी दलीलें हैं। उल्लेखनीय है कि गत 13 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने आईटीएटी के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें सौ करोड़ से अधिक के बकाया कर की वसूली के लिये कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग से जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने पार्टी को तब नये स्थगन आवेदन के साथ आईटीएटी का रुख करने की स्वतंत्रता दी थी। ऐसे में इस मुद्दे पर अंतिम राय बनाने से पहले सभी पक्षों के तर्कों पर विचार भी जरूरी है। सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता ने इन आरोपों को पार्टी की हताशा का परिणाम बताया है। यह भी कि कांग्रेस के आरोपों से भारतीय लोकतंत्र की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद यह तथ्य निर्विवाद है कि किसी भी लोकतंत्र में स्वतंत्र चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारकों को अनुचित ही कहा जाएगा। इससे चुनावों की पारदर्शिता व विश्वसनीयता पर आंच आ सकती है।


युद्ध की तरह से राजनीति के भी अपने नियम होते हैं और मुकाबले के लिये बराबर का अवसर भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। साथ ही यह जरूरी है कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध को दूर करने के लिये संवाद की प्रक्रिया भी निरंतर चलती रहनी चाहिए, ताकि अनावश्यक गतिरोध को टाला जा सके। बीते गुरुवार को देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाए गए कि खाते फ्रीज करके पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश सत्ता पक्ष की ओर से की जा रही है। यूं तो कांग्रेस पिछले पांच वर्षों में लगातार सत्ता पक्ष की रीतियों-नीतियों पर हमलावर रही है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस द्वारा लगाए आरोपों की गंभीरता पर भी विचार किया जाना चाहिए। वैसे भी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी प्रक्रिया को सुचारू और विश्वसनीय बनाने के लिये विपक्षी दलों को मुकाबले का बराबर अवसर तो मिलना ही चाहिए। निश्चित रूप से इससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता व प्रामाणिकता को संबल मिलता है। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य विपक्षी पार्टी को आयकर विभाग की कार्रवाई से वित्तीय संकट की ओर धकेला जा रहा है।


### भारत में दस अंकों का सुधार हुआ है, फिर भी भारत के लिये आश्चर्यकारी एवं विचारणीय है

## खुशहाल समाजों की रैंकिंग से भारत भ्रमित न हो

ललित गर्ग


धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है।


143 देशों के विश्व खुशहाली रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर रहा है जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि भारत में दस अंकों का सुधार हुआ है, फिर भी भारत के लिये आश्चर्यकारी एवं विचारणीय है। फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है। पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, जहां धार्मिक उन्माद व्यापक है, जो आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली मापने के तरीकों पर विचार होना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि खुशहाली को तय करने के पैमानों में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान को 122वें स्थान की रैंकिंग देना विडंबनापूर्ण एवं विसंगतिमय हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। यह विडंबना ही है कि धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। ऐसी अतार्किक सूची देखकर अफसोस एवं आश्चर्य भी होता है और चिंता भी होती है। क्या खुशहाली को धार्मिक और सामाजिक



स्वतंत्रता के आधार पर ज्यादा नहीं देखा जाना चाहिए? खुशहाली को केवल आर्थिक समृद्धि और संसाधनों की अधिकता में घटाकर देखना सही नहीं है। खुशहाली की रैंकिंग को देखकर भारत को कतई भ्रमित नहीं होना चाहिए। एक और विडंबना देखिए, निर्मम युद्ध लड़ रहा इजरायल पांचवां सबसे खुशहाल देश है! पीड़ित फलस्तीन 103वें स्थान पर है, तो रूस 72वें स्थान पर और यूक्रेन 105वें स्थान पर। ये देश युद्ध के बावजूद भारत से ज्यादा खुशहाल हैं। पता नहीं, इस रैंकिंग पर कितना भरोसा किया जाए? जहां तक भारत का सवाल है, खुशहाली के सभी पैमानों पर हमें अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। एक बड़ा सवाल यह भी है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं? यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत के अल्पसंख्यक समुदायों की कट्टरता एवं संकीर्णता भी खुशहाल समाज निर्माण की बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 126वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 56 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है। खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं समस्याएं दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है। ऐसे माहौल में व्यक्ति एवं समाज खुशहाल नहीं हो सकता। खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है।

दृष्टि कोण

## जल संकटः गर्मी से पहले ही प्यास से तरसने लगे शहर, भारत की सिलिकॉन वैली में हाहाकार

कवि रहीम ने कहा है, रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून। लेकिन गर्मी ने अभी ठीक से दस्तक भी नहीं दी है कि इस साल कई शहरों में जल संकट मंडराने लगा है। होली के रंगों से नहाए बिना ही, फागुन में रंगों की फुहारों से सराबोर हुए बिना ही सूखे के हालात का सामना पड़ गया। जल संकट की जो स्थिति मई-जून के महीनों में होती थी, वह मार्च में ही दिखने लगी है और अभी से ही कई शहरों में लोग पानी की किल्लत से जूझने लगे हैं। भारत का आईटी हब कहा जाना वाला बंगलूरू शहर इन दिनों हर रोज बीस करोड़ लीटर पानी की कमी झेल रहा है। बंगलूरू के अलावा देश में दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, भोपाल, कोलकाता, जयपुर, इंदौर जैसे अनेक शहर आज जल संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने चेतावनी दी है कि अगर हैदराबाद ने जल्दी ही जल संरक्षण के लिए उचित कदम नहीं उठाए, तो पानी के मामले में उसका भी हाल सिलिकॉन वैली' बंगलूरू जैसा ही होगा। चेन्नई में वह समय अब भी सबको याद होगा, जब नल सूख गए थे,



और पानी की कमी के चलते स्कूलों को बंद करना पड़ा था। जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात करनी पड़ी थी। हाल ही में नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में भी यह बात स्वीकार की गई है कि भारत के कई शहरों में जल संकट गहराता जा रहा है, और आने वाले वक्त में उसके और विकराल रूप लेने के आसार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जहां वर्ष 2030 तक देश की लगभग 40 फीसदी आबादी के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, वहीं 2020 तक देश में 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना करने के लिए मजबूर थे। नीति आयोग की समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स) रिपोर्ट के अनुसार, देश के 21 प्रमुख शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग जल संकट की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। वास्तविकता यह भी है कि दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के ताजा जल संसाधनों का मात्र चार फीसदी ही है। भारत में लगभग 70 फीसदी सतही और ताजा जल के संसाधन सीवेज वेस्ट और कारखानों के अपशिष्ट से प्रदूषित हैं। वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है। भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र (32.8 करोड़ हेक्टेयर) में से 69 फीसदी (22.8 करोड़ हेक्टेयर) क्षेत्र सूखाग्रस्त है। ये आंकड़े हमारे देश में जल संकट की गंभीरता को साफ-साफ बयान करते हैं। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, देश में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हो रहे बदलावों के कारण यदि पानी की मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ता है, तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। दरअसल, जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन की पदचाप गहराती जा रही है, वैसे-वैसे वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) बढ़ता जा रहा है। इसका असर मौसम के बदलते मिजाज के रूप में नजर आ रहा है। इसके चलते कहीं बारिश कम हो रही है, तो कहीं सर्दियों का मौसम अपेक्षाकृत गर्म हो रहा है। वर्ष 1975 से वर्ष 2000 के बीच जिस मात्रा और रफ्तार से हिमालय ग्लेशियर की बर्फ पिघल रही है, साल 2000 के बाद से वह मात्रा और रफ्तार दोगुनी हो गई है। वहीं दूसरी तरफ मौसम के इस बदलाव के कारण पहाड़ सर्दियों में बर्फ की चादर में लिपटने से वंचित हो रहे हैं। वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि वर्ष 2100 आने तक हिमालय के 75 फीसदी ग्लेशियर पिघल कर खत्म हो जाएंगे। इससे हिमालय के नीचे वाले भू-भाग में रहने वाले आठ देशों के करीब 200 करोड़ लोगों को पानी की किल्लत और बाढ़ के खतरे का सामना करना पड़ सकता है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, भूटान, अफगानिस्तान, चीन, म्यांमार, नेपाल और बांग्लादेश शामिल हैं।

कुछ अलग

## इतने दुखियारे तो नहीं हम

इस हफ्ते दो अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट आईं, जिनमें से एक में हम टॉप थ्री में हैं तो दूसरी में काफी निचली पायदान पर। हालांकि न टॉप में आने की खुशी मना सकते हैं और न निचली पोज़िशन पर रहने का ग़म क्योंकि दुख मनाया तो उस रैंकिंग में और पीछे जा सकते हैं। टॉप रैंक से खुश इसलिए नहीं हो सकते क्योंकि यह पोज़िशन हमने प्रदूषण में पाई है, वहीं बुरी तरह पिछड़े हैं खुश रहने के पैमाने पर। प्रदूषण फैलाने में बांग्लादेश और पाकिस्तान हमसे आगे हैं लेकिन खुशहाली सूचकांक में अस्थिरता से जूझ रहे पाकिस्तान, म्यांमार का हमें पछाड़ना चौंकाने वाला है। आर्थिक बदहाली झेल रहे पाकिस्तान के लोग हमसे भी ज्यादा खुश कैसे? आखिर सर्वे करने वालों ने किन लोगों से बात की जो ऐसे हालात में भी इतने खुश नज़र आ रहे हैं? चलिए, पहले नज़र डालते हैं स्विस एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग एजेंसी आईक्यू एयर की रिपोर्ट पर, जिसने दुनिया के सबसे प्रदूषित देश, शहर और राजधानियों की सूची जारी की है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत की हवा सबसे अधिक खराब पाई गई है। वहीं दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी है। दिल्ली को पिछले पांच वर्षों में यह तमगा चौथी बार मिला है। दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में से 42 भारत के हैं। इनमें सबसे खराब हवा बिहार के बेगुसराय की मिली। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की 96 फीसदी आबादी दूषित हवा में सांस ले रही है। सूची में शामिल सारे प्रदूषित देश मध्य और दक्षिण एशियाई क्षेत्र से ही हैं। दिल्ली के बाद सबसे प्रदूषित राजधानियों की लिस्ट देखने से ही यह समझ आ जाता है, जिनमें ढाका, दुशांबे, बगदाद, जकार्ता, इस्लामाबाद, काठमांडू, आबूधाबी और दोहा शामिल हैं। पिछले साल की रिपोर्ट में सबसे प्रदूषित देशों की लिस्ट में हम आठवें नंबर पर थे। इस साल इसमें सुधार के बजाय तीसरे नंबर पर आ जाना बताता है कि हवा की गुणवत्ता सुधारने के प्रयास किस तरह से नाकाम हो रहे हैं। देश में सबसे अधिक प्रदूषण उद्योगों और वाहनों से निकलने वाले धुएं की वजह से होता है। नवंबर के महीने में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में फसलों की कटाई के बाद पराली जलाने से दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में कई इलाकों की हवा अत्यधिक जहरीली हो जाती है। देशभर में कई जगह बड़े पैमाने पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण उड़ने वाली धूल भी हवा की गुणवत्ता को लगातार खराब बनाए हुए है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम और लास्ट माइल कनेक्टिविटी पर ठोस कदम न उठाने की वजह से सड़कों पर वाहनों की संख्या पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। रिपोर्ट में ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, फिनलैंड, आइसलैंड और एस्टोनिया जैसे देशों की हवा सबसे साफ बताई गई है। यह माना कि इन देशों की तुलना में हमारे एरिया की शुष्क जलवायु का काफी असर पड़ता है। लेकिन उसके बावजूद इन देशों ने अपनी हवा को साफ करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिनलैंड के हेलसिंकी में बिजली उत्पादन के लिए कोयले के बजाय हवा और पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। अपनी हरियाली को बचाए रखने के लिए भी इसने सख्त नियम बनाए हैं। साफ हवा के साथ ही हेल्दी वर्क लाइफ बैलेंस बनाए रखने वाला फिनलैंड लगातार सातवीं बार हैपीनेस इंडेक्स में सबसे आगे है। वर्ल्ड हैपीनेस डे पर संयुक्त राष्ट्र की आई रिपोर्ट में टॉप पोज़िशन पर फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन जैसे यूरोपीय देश ही हैं। खुशहाल देशों की इस लिस्ट में भारत पिछले साल की तरह ही 126वीं रैंक पर है। हमारे बदहाल पड़ोसी पाकिस्तान का हमसे आगे 108वें नंबर पर आना समझ से परे है क्योंकि रिपोर्ट तैयार करने के लिए खुशी के आकलन के साथ ही सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी परखा जाता है।

देश दुनीया से

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से उपजते सवाल


भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है! मेरा स्पष्ट मानना है कि इस घटनाक्रम से आप पार्टी और इंडी गठबंधन को भारी क्षति के विपरीत काफी लाभ भी हो सकता है, बशर्ते कि पूरे घटनाक्रम का प्रस्तुतीकरण जनमानस में सही तरीके से किया जाए और सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने की फितरत से हुई इस प्रशासनिक कार्रवाई के विरुद्ध हर गली-कूची के भ्रष्टाचार की फोटो और उसकी आधिकारिक अनदेखी के विरुद्ध पम्फलेट वितरण अभियान शुरू किया जाए। वहीं, जगह जगह सक्षम माननीय न्यायालय को पत्र भेजकर उसकी प्रतिलिपि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाए और स्थानीय मीडिया को भेजी जाए, ताकि भ्रष्टाचार विरोधी जनजागृति पैदा हो सके।


आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाना सही है या गलत- यह प्रशासनिक और न्यायिक विमर्श का विषय है। लेकिन आम चुनाव 2024 के ठीक पहले और देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के तत्काल बाद जिस तरह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, यह भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है! मेरा स्पष्ट मानना है कि इस घटनाक्रम से आप पार्टी और इंडी गठबंधन को भारी क्षति के विपरीत काफी लाभ भी हो सकता है, बशर्ते कि पूरे घटनाक्रम का प्रस्तुतीकरण जनमानस में सही तरीके से किया जाए और सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने की फितरत से हुई इस प्रशासनिक कार्रवाई के विरुद्ध हर गली-कूची के भ्रष्टाचार की फोटो और उसकी आधिकारिक अनदेखी के विरुद्ध पम्फलेट वितरण अभियान शुरू किया जाए। वहीं, जगह जगह सक्षम माननीय न्यायालय को पत्र भेजकर उसकी प्रतिलिपि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाए और स्थानीय मीडिया को भेजी जाए, ताकि भ्रष्टाचार विरोधी जनजागृति पैदा हो सके। वैसे तो लोकल मीडिया में ऐसे प्रकरण हमेशा प्रकाश में आते रहते हैं, लेकिन उनपर प्रशासनिक खामोशी के खिलाफ न्यायालय जाने के कम ही मामले प्रकाश में आते हैं। शायद इसलिए कि भ्रष्टाचार के हमाम में कहीं न कहीं हर कोई नँगा है। अमूमन विपक्षी दल भी ऐसे मामलों में धरना-प्रदर्शन के अलावा ज्यादा दूरदर्शी रवैये नहीं अपनाते, जिसके चलते ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे जनता अक्सर परेशान रहा करती है। इसलिए भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध करना जरूरी है ताकि सत्ता पक्ष के इशारे पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने वाले भारतीय प्रशासन को चुनावों में बेनकाब करते हुए जनादेश मांगा जाए। आपको याद होगा कि अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी का जन्म यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में चले एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही हुआ है। ऐसे में आबकारी नीति घोटाले में आप मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने आपमें एक यक्ष प्रश्न है। वह यह कि भारतीय सियासत वह काजल की कोठरी है, जहां से बेदाग निकलना नामुमकिन है। क्योंकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास तो कोई विभाग भी नहीं था, फिर भी वो फंस गए। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भ्रष्टाचार के मामले में भारतीय प्रशासन द्वारा जो पीक एंड चूज कार्रवाई की जाती है, वह भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। चाहे न्यायपालिका हो या मीडिया, प्रशासनिक तिकड़म को समझने में प्रायः विफल प्रतीत हुए हैं! रही बात विधायिका की तो प्रशासनिक अधिकारियों को इस तरह की मनमानी करने की छूट देने के लिए सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी कम जिम्मेदार नहीं है। क्योंकि जिन कानूनों के आधार पर ऐसी कार्रवाईयां होती आईं हैं, उसे अंतिम रूप तो आखिर संसद या विधान मंडलों में ही दी जाती है। सच कहूं तो देश में भ्रष्टाचार 'हरि अनंत, हरि कथा अनंता' की तरह सर्वव्यापी है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की समझदारी या मिलीभगत से सही को गलत और गलत को सही ठहराने के बहुतेरे उदाहरण हर किसी को उसके आसपास में ही मिल जाएंगे। बावजूद इसके भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्रशासनिक तिकड़म जारी रहती है। उसने अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचारियों की कतार में खड़ा करके इस बात के संकेत दे दिए हैं कि 'भ्रष्टाचार' को 'शिष्टाचार' के इतर तरह तरह से परिभाषित करने का खेल न कभी चला है और न ही चलने दिया जाएगा। इसकी सूची में बलि का बकरा अक्सर राजनेता बनेंगे, जबकि उनसे जुड़े अधिकारियों की भी गिरफ्तारी साथ साथ होनी चाहिए। क्योंकि 'पवित्र पाप' यानी भ्रष्टाचार कोई भी राजनेता अकेला नहीं कर सकता, जब तक कि अधिकारियों का एक सलाहकार वर्ग या जिम्मेदार वर्ग उनसे मिला हुआ न हो। यह ठीक है कि आप नेता अरविंद केजरीवाल को अब प्रमुख विपक्षी दलों का साथ मिल गया है, जिससे उनकी परेशानी कुछ कम होगी। लेकिन केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को इससे लेने के देने भी पड़ सकते हैं। क्योंकि अरविंद केजरीवाल का आजतक का इतिहास यही रहा है कि अपने विरुद्ध पैदा किए हुए हर मुद्दे का सियासी लाभ अंततोगत्वा उन्होंने ही उठाया है। इस बार भी वो यही करेंगे! हो सकता है कि दो राज्यों में अपनी सरकार बनाने वाली पहली विपक्षी पार्टी आप, जिसे अब राष्ट्रीय पार्टी का भी दर्जा मिल चुका है।



आप का नजरीया

## असंगत अमीरी

खबर विचलित करने वाली है कि देश में मौजूदा आर्थिक असमानता ब्रिटिश काल से भी अधिक है। जो संकेत देती है कि हमारा लोकतंत्र विगत में समतामूलक आय सृजन के अवसरों का पोषक नहीं रहा है। अंतरराष्ट्रीय संस्था थामस पिकेटी व तीन अर्थशास्त्रियों द्वारा तैयार रिपोर्ट चौंकाने वाले निष्कर्ष पेश करती है कि भारत में वर्ष 2022-23 में देश के शीर्ष एक फीसदी अमीरों की देश की संपत्ति में 40 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं उनकी आय में हिस्सेदारी 22.6 फीसदी है। देश में अरबपतियों के उदय का खुलासा करने वाली रिपोर्ट निश्चिय ही संपन्न तबके के वर्चस्व को दर्शाती है। यानी हमारी धन केंद्रित आर्थिकी के चलते देश में आर्थिक असमानता की ओर ही इशारा करती है। दरअसल, देश में आर्थिक असमानता में 1980 के दशक में गिरावट देखी गई थी। लेकिन वैश्वीकरण व उदारीकरण के दौर में उदार आर्थिक नीतियों ने आय में असमानता को ही बढ़ावा दिया है। निश्चित रूप से यह स्थिति हमारी आयकर प्रणाली की विसंगतियों को भी दर्शाती है। लंबे समय से मांग की जाती रही है कि देश के कर ढांचे में सुधार किया जाए। संपन्न वर्ग की आय व संपत्ति पर यह कर लगाया जाए। इससे होने वाली आय का निवेश कालांतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण की स्थिति सुधारने के लिये किया जाए। लेकिन इस सुझाव की तरफ गंभीरता से विचार नहीं किया गया। जिसके चलते संसाधनों के निर्मम दोहन का सिलसिला यूं ही चलता रहा। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि वित्तीय वर्ष 2023 में देश के सबसे 167 अमीर परिवारों की कुल संपदा पर दो फीसदी का सुपर टैक्स लगाया गया होता तो इससे राष्ट्र की कुल आय में 0.5 फीसदी की वृद्धि होती। निश्चित तौर पर इस प्रयास से देश में लगातार चौड़ी होती असमानता की खाई को पाटने में मदद मिलती। विडंबना यह है कि देश में जारी आर्थिक असमानता के संकट को सत्ताधीशों ने गंभीरता से नहीं लिया। निश्चित रूप से किसी भी देश में लगातार गहरी होती असमानता की खाई कालांतर सामाजिक अशांति की वाहक बन सकती है। जिसका प्रभाव देश की कानून व्यवस्था पर भी प्रतिकूल रूप से पड़ सकता है। आज दुनिया के कई देशों में जारी असंतोष व प्रतिरोध के मूल में आर्थिक असमानता के बीज ही निहित होते हैं। जैसे ही आर्थिक असमानता सीमा असहनीय स्थिति तक पहुंचती है, प्रतिरोध की प्रतिक्रिया सामने आती है। निश्चित रूप से किसी देश में सामाजिक संतुलन के लिये श्रम का सम्मान होना भी बेहद जरूरी है। मेहनतकश वर्ग की आय का लगातार सिकुड़ना किसी भी देश के लिये अच्छा संकेत नहीं होता है। यह किसी भी लोकतंत्र के लिये अच्छी स्थिति नहीं है कि देश का एक फीसदी वर्ग विलासिता का जीवन जी रहा हो और वहीं दूसरी ओर देश का एक बड़ा तबका रोटी-कपड़ा-मकान के लिये संघर्ष कर रहा हो। यह आर्थिक असंतुलन किसी भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सार्थकता पर भी चर्चा की मांग करता है। हाल के दिनों में सुप्रीम कोर्ट की पहल पर राजनीतिक दलों को धनाढ्य वर्ग द्वारा हजारों करोड़ का चंदा दिया जाना इस आर्थिक असमानता का स्याह पक्ष ही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मयूरहंड के युवक की मुंबई में हत्या, घटना के दिन ही घर के लिए पकड़ना था रेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** रोजगार की तलाश में गांव से निकलकर चकाचौंध की शहर मायानगरी मुंबई में काम करना मयूरहंड प्रखंड के गम्हरिया के युवक को भारी पड़ गया।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नवी मुंबई के वासी में कपिल किनारा बार में गम्हरिया के युवक मंटू यादव काम किया करता था जो बीती रात्रि में होटल बंद होने के बाद व रात्रि भोजन करने के बाद अपने रुम के लिए करीब 3:00 सुबह में निकल पड़ा इस दौरान मंटू यादव मैग्नेट बार के समीप बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहा था।जहां पर कुछ नशेड़ी आए और लूट के इरादे से मंटू यादव के साथ उलझ गए और इसी दौरान हाथापाई करते हुए नशेड़ियों ने उन्हें मार दिया। धनगावां निवासी आदित्य यादव ने प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए बताया कि मंटू काफी होनहार व मृदुलभासी स्वभाव का था।आदित्य यादव ने बताया कि मंटु यादव को घटना के ही दिन घर आना था लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था और यह दर्दनाक घटना हो गया।

## 14 कोयला लौड मोटरसाइकिल चालकों को किया गया गिरफ्तार, जेल

- सभी लोग पेट की आग बुझाने के लिए करते हैं जानपर जोखिम रख कोयले बेचने का धंधा
- गरीबी बना मजबूरी, रोजे की हालत में जाना पड़ा जेल, घर में छाई मायूसी, तरस नहीं आई
- सैकड़ों मोटरसाइकिल से प्रतिदिन की जाती है कोयला बेच पेट बुझाने की प्रयास
- अवैध ट्रकों एवं हाईवा से की जाती है कोयले की तस्करी, उस पर नहीं कि जाति है कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने 14 लोगों को मुरवे मुख्य सड़क से कोयला लदा मोटरसाइकिल चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज कृतिमान हासिल किया है। वहीं सभी मोटरसाइकिल और कोयला सिमरिया थाना परिसर में रखा गया है। आधा दर्जन लोग रोजे की हालत में मौजूद थे। बता दें कि वर्षों से कोयला नगरी टंडवा आम्रपाली से सैकड़ों लोगों का घर और परिवार मोटरसाइकिल से कोयला बेच चलाते है। नित्य प्रतिदिन सिमरिया रास्ते अन्य गांवों एवं जगहों पर भारी भरकम जान जोखिम में डाल कर मोटरसाइकिल से कोयला बेच जीवन गुजर बसर करते आ रहे हैं।मोटरसाइकिल से कोयला बेचने को लेकर कई बार विधायक किसुन दास हो या मंत्री सत्यानन्द भोगता सभी ने ऐसे गरीब बेरोजगारों के लिए पुरजोर आवाज बुलंद किया है। किंतु आज तक किसी मोटरसाइकिल से कोयला बेचने वालों को गिरफ्तार नहीं किया गया था। और ना हीं खनन विभाग या सीसीएल का कोई आपत्ति हुआ है। यही कारण है कि सैकड़ों बेरोजगार युवक कोयला बेच अपना घर परिवार एवं अपने बच्चों का शिक्षा दीक्षा दिलाते आ रहे हैं। परंतु इस तरह कार्रवाई से लोग भयभीत है और उनके बीच रोजी रोटी का सवाल खड़े हो रहें हैं।

## पत्थलगड़ा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में 15 वीं वर्षगांठ मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत बाजार टांड़ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पत्थलगड़ा में शुक्रवार को विद्यालय के 15 वीं वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले बच्चियों ने अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। इसके उपरांत विद्यालय प्रबंधन समिति एवं आचार्य गण को विद्यालय परिवार की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि कार्यक्रम के दौरान छात्र एवं छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। विद्यालय शुक्रवार को अपने 15 वीं वार्षिकोत्सव समारोह मनाया इस दौरान विद्यालय प्रबंधन के समक्ष बच्चों का रिजल्ट प्रकाशित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बासुदेव तिवारी, उपाध्यक्ष आदित्य दांगी, सचिव रुद्रनाथ दांगी, संरक्षक जितेन्द्र राम दांगी, प्रधानाचार्य अक्ष्यवट दयाल शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकार नन्दकिशोर यादव लोकसभा में निर्दलीय चुनाव लड़गें



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्रकार बंधुओ में बड़े हर्ष एवं खुशी की बात है चतरा जिला के प्रतापपुर प्रखंड के हिन्दुस्तान अखबार के वरिष्ट पत्रकार श्री नंन्दकिशोर कुमार यादव, इस बार चतरा लोकसभा के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेगे।चतरा जिला में पत्रकार जगत में पहली बार ऐसा मौका आया है जो एक पत्रकार लोकसभा के निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है जिससे पत्रकार में हर्ष का माहौल है इस संबंध में पत्रकार नंन्दकिशोर कुमार यादव ने बताया की सभी लोग पत्रकार को राजनितिक क्षेत्र,विभागीय क्षेत्र एवं सभी तरह से क्षेत्रो में पत्रकार को प्रयोग किया जाता है तथा जिला एवं प्रखंड स्तर पत्रकार के साथ आम लोगो को छ्ल किया जा रहा है जिसको देखते हुए लोकसभा में निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है आगे बताया की निर्दलीय चुनाव लड़ने की खबर सुनते ही राजनितिक पार्टीयो में काफी हल-चल बढ़ गई है कई पार्टी के लोग समर्थन और सहयोग करने के लिए उताहुल है उन्होने समस्त पत्रकार भाईयो से अपील किया है की पत्रकार को सर्वाजनिक कार्यो के आम जनता बीच रखकर लोगो से सहयोग की अपील करना है। मालूम हो की नंन्दकिशोर यादव के जीवन में राजनितिगक एवं जन समस्या से पुराना रिश्ता रहा है ये हमेशा अपने अखबार के माध्यम से जनसमस्या को उजागर किया है और न्याय दिलाये है।

## चुनाव को देखते हुए शराब पर नकेल कसी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिपथ रखते हुए उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी है। इसी क्रम में दिनांक 29.03.2024 को अधीक्षक उत्पाद चतरा के पर्यवेक्षण में मयूरहंड थाना अंतर्गत पथरा, गोरेया एवं झरदाग में अभियान चलाकर अवैध चुलाई शराब की भट्ठियों को तोड़ा गया। छापामारी के दौरान करीब 40 लीटर से अधिक अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त किया गया तथा करीब 900 किलोग्राम से अधिक चुलाई योग्य जावा महुआ को विनष्ट किया गया। अवैध महुआ चुलाई शराब 40 लीटर, जावा महुआ 900 चत्तआरोपीयों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है।अधीक्षक उत्पाद, चतरा के द्वारा जानकारी दी गई कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक करीब 1200 लीटर अवैध शराब जब्त किया जा चुका है तथा 15500 किलो जावा महुआ विनष्ट किया गया है जिसका अनुमानित बाजार मूल्य करीब 1050000 रुपए है। अधीक्षक उत्पाद, चतरा ने कहा है कि आगे भी अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान जारी रहेगा।

## आधी रात को घर में लगी आग समान जलकर हुआ राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव में बृहस्पतिवार के रात में आग लगी गई। जहां घर समेत घर में रखें सारा सामान जलकर राख हो गया। घर विजय गोप उम्र 65 वर्ष पिता स्व जग्गू गोप ग्राम द्ववारी थाना गिद्धौर जिला चतरा का स्थानीय निवासी है। तथा इनके तीन पुत्र हैं। जो अलग-अलग रहकर अपना अपना जीविका पार्जन करते हैं। हम सब परिवार एक ही घर में रहते थे। जो कच्चा खपरैल का मकान था। आगे घर परिवार के लोगों ने बताया कि रात्रि में खाना खाकर सोए हुए थे। और रात्रि में करीब 2:00 बजे अचानक घर में आग लग गया। और संपूर्ण घर एवं घर में रखा हुआ सामान पलंग कपड़ा अनाज एवं अन्य सामान सब जलकर राख हो गया। विजय गोप बतलाया कि सब परिवार घर से बेघर हो गए हैं। घर कि अत्यंत जरूरी है। तथा हम सभी परिवार गरीब परिवार से हैं। इन्होंने अंचलाधिकारी को आवेदन लिखकर सहयोग की गुहार लगाया है। तथा घर की जायजा लेने पहुंचे पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने घूम-घूम कर देख कर मदद करने की बात कही है। एवं संभव हो तो आवास भी दिलवाने के लिए उच्च अधिकारियों तक इसकी जानकारी पहुंचाने की बात कही गई है।

## टंडवा से प्रतापुर चलने वाली मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर

### घटना में पत्रकार के पिता की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** थाना क्षेत्र के टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ पर स्थित तेलियाडीह स्कूल के समीप तेज रफ्तार सवारी बस ने वितरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इस घटना में टंडवा के पत्रकार कृष्ण मुरारी सिंह के 65 वर्षीय पिता सच्चिदानंद सिंह उर्फ सुधीर सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची टंडवा थाना पुलिस की टीम ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बूझाकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना को लेकर बताया गया कि उक्त वाहन संख्या जेएच 13जे 6544 मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत प्रतापुर से टंडवा के बीच चलती है। इसी दौरान हर दिन की भांति शुक्रवार के दोपहर भी वाहन टंडवा से सिमरिया की ओर जा रही थी, इसी दौरान विपरित दिशा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे पत्रकार के पिता को अपने चपेट में ले लिया। बताया गया कि मृतक पत्रकार के पिता थाना क्षेत्र के पदमपुर में स्कुल के बॉउन्ड्री को लेकर उत्पन्न भूमि विवाद मामले से लौटकर आ रहे थे इसी दौरान हादसे का शिकार हुए। घटना में पत्रकार के पिता की मौत पर पूरे जिले के पत्रकारों के साथ-साथ विधायक किशुन कुमार दास व सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह एवं मुखिया अरविंद सिंह ने शोक व्यक्त किया है। इस मौके पर थाना प्रभारी अनिल उरांव, सीओ राजेंद्र दास,उप प्रमुख जितेन्द्र उर्फ पप्पु सिंह, मुखिया महावीर साहू, रवि सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों ने दर्जनों बकरीयों को बनाया शिकार, ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के सांसग पंचायत में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ते जा रहा है। कुत्तों कि आतंक से ग्रामीणों एवं पशुपालकों में भय का माहौल बना हुआ है।अब तक दर्जनों बकरीयों को कुत्तों ने अपना शिकार बना लिया है। जिससे आसपास के लोग काफी भयभीत हैं वहीं भुक्तभोगी चंदन साव विमलेश सिन्हा दिलीप प्रजापति हरशु प्रजापति भूटन उरांव शिवा उरांव ने बताया कि पिछले तीन महीनों से आवारा कुत्तो का आतंक बढ़ गया है। अब तक दर्जनों बकरीयों को अपना शिकार बना लिया है।तकरीबन दस की संख्या में है और झुंड बनाकर चलते हैं जिसके चलते खुले बकरी और बंधे छोटे-मोटे जानवर को आसानी से अपना शिकार बना ले रहे हैं यहां तक की अगर बकरी घर के बाहर भी बंधे हों तो उसे भी नहीं छोड़ रहे हैं। बकरीयों की मांस खाने से कुत्ते पागल हो गये हैं जिससे इंसानों को भी काटने का हमेशा भय बना रहता है। आगे लोगों ने कहा कि हमलोग कुत्तों कि आतंक से त्राहि-त्राहि हो गये हैं।अगर इन कुत्तों पर जल्दी से काबु नहीं पाया गया तो हम लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। आगे भुक्तभोगियों ने जिला प्रशासन से अभिलंब आवारा कुत्तों को पकड़ने की गुहार लगाई है।

## आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराना पुलिस प्रशासन का उद्देश्य : ललित मीणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी ललित मीणा के नेतृत्व में बरवाडीह थाना क्षेत्र के फरार चल रहे वांछित व स्थाई वारंटियों की धर पकड़ को लेकर सघन छापेमारी अभियान पिछले दिनों से चलाया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र के आठ अपराधी को गिरफ्तार किया गया है जिसे लेकर शुक्रवार को प्रशिक्षु आईपीएस मीणा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के कई गांवो में वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें विगत कई वर्षों से फरार चल रहे विभिन्न कांडों के कुल आठ वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि स्थाई वारंटी में बुद्ध नारायण सिंह पिता स्वर्गीय भवन सिंह पोखरी खुर्द छेछानी बरवाडीह,अमानुल्लाह खान पिता अब्दुल आहत खां छेंचा, नंदू सिंह पिता स्व नन्हे सिंह उर्फ नटाई सिंह पुरानी बस्ती बरवाडीह, महेंद्र तुरी पिता बालदेव तुरी बेतला तुरी टोला बरवाडीह, लेथा सिंह उर्फ तिवारी सिंह पिता सुकुल सिंह कोलपुरवा बरवाडीह, वांछित अपराधी कुंभकरण राम, पिता स्वर्गीय मतरू राम बहेराटॉड बरवाडीह और सूबेदार परहिया पिता स्वर्गीय छक्कन परहिया अमडीहा बरवाडीह का नाम शामिल है। वहीं छापेमारी दल में पुअनि राधेश्याम कुमार पुअनि राजन अधिकारी पुअनि सुनील कुमार मंडल, पुअनि यकीन अंसारी, सअनि सुनील कुमार समेत सशस्त्र बल शामिल रहे।

## शत प्रतिशत मतदान हो, जागरूक हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 में जिलेवासियों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला खेल स्टेडियम में बालक एवं बालिका का फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल के माध्यम से लोगों को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।इस दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न जगहों से 13 टीमों ने भाग लिया जो इस प्रकार है बालक वर्ग बीएस एनएसएस कॉलेज लातेहार , बाजकुम ,डिग्री कॉलेज मनिका ,स्ञ्ज हॉस्टल लातेहार परसही, चंदनडीह , उदयपुरा , चंदावा स्न्ष्ट, ह्राष्ठ लातेहार जालिम लातेहार वहीं बालिका वर्ग में चंदवा स्न्ष्ट,क्क्स् हस्स् कॉलेज लातेहार सबानों लातेहार की टीम ने भाग लिया। दोनों वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम क्क्स् हस्स् लातेहार या डिग्री कॉलेज मनिका, परसही या ह्राष्ठ लातेहार के बीच खेला गया। वहीं बालिका वर्ग में क्क्स् हस्स् कॉलेज , सबानों और चंदवा लातेहार के बीच खेला गया।फाइनल मैच बालक वर्ग में डिग्री कॉलेज मनिका व परसही के बीच खेला गया। जिसमें 2-1 से? परसही विजेता रहा एवं वहीं उपविजेता डिग्री कॉलेज मनिका रहा।बालिका वर्ग में फाइनल बीएसएस कॉलेज वर्सेस सबानों के बिच खेला गया। जिसमें 1-0 से सबानों ने विजेता दर्ज की। वही क्क्स् हस्स् कॉलेज उपविजेता रहा।मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्ङ्खश्वश्वक्क के द्वारा जिला प्रशासन लातेहार के तत्वाधान में 3 अप्रैल 2024 को सुबह 6:00 बजे से साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल ठ्ठश 8789 303968 पर अपना निबंधन करा सकते हैं।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में चेकनाका, अवैध शराब, खनन, मादक पदार्थ, धारा 107, एमसीसी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में चेकनाका, अवैध शराब, खनन, मादक पदार्थ, धारा 107, एमसीसी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में अधिष्ठापित चेकनाका पर की जा रही कार्रवाई, अवैध शराब व अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई, अवैध खनन, परिवहन, भंडारण, मादक पदार्थ, धारा 107, एम0सी0सी से संबंधित विन्दुओं पर क्रमवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होने अधिष्ठापित चेकनाका पर व्यापक रूप से निरंतर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं अवैध शराब व अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध भी जिले भर में अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा यह सुनिश्चित करें कि जिले में किसी भी सुरत में अवैध शराब का क्रय विक्रय न हो अगर इस तरह की सूचना मिलती है तो अविलम्ब संलिप्त लोगों के उपर कार्रवाई करें। वहीं अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध भी छापेमारी अभियान निरंतर चलाकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। मादक पदार्थ के क्रय विक्रय को लेकर कहा निरंतर छापेमारी अभियान चलाकर आवश्यक रूप से कार्रवाई करें ।

## नेतरहाट आवासीय विधालय के छात्रों में खेल प्रतिस्पर्धाओं को विकसित करने में सफल रहे : प्रसाद पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्रों में खेल अभिरुचि एवं खेल प्रतिस्पर्धाओं को विकसित करने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉक्टर प्रसाद पासवान के द्वारा ऐतिहासिक पहल की गई और इसमें उन्हें सफलता भी मिली है। यह पहल विद्यालय स्थापना सन् 1954 ई0 के बाद पहली बार हुई जब किसी प्राचार्य के निर्देशन बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का पूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। दरअसल देवघर में राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स मीट 2024 में विद्यालय के आठवीं और दसवीं के कुल उन्नीस छात्र और 12वीं के चार छात्रों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स के प्रतिभागी के रूप में हुआ और 18 मार्च 2024 को प्रातः कालीन 6:30 बजे विद्यालय बस से एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेने के लिए निकले। प्राचार्य प्रसाद पासवान ने विद्यालय बस को हरी झंडी दिखाकर अभिभावक स्वरूप केशव कुणाल शर्मा के साथ कुल 23 बच्चों को रवाना किया। इस एथलेटिक्स मीट के दौरान सभी बच्चे जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, 5000 एवं 10000 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप आदि खेल की विधाओं में भाग लेने के लिए देवघर में स्थित कुमेठा स्टेडियम पहुँचे। बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिली और इसी उत्साह के अनुरूप सभी बच्चे मार्च पास्ट प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किये और सर्वश्रेष्ठ विजेता घोषित किए गए। इस ऐतिहासिक पहल से विद्यालय में खुशी का माहौल है। और बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रही है। प्रतियोगिता समाप्ति के बाद छात्रों के वापस लौटने पर प्राचार्य ने उन प्रतिभागी छात्रों का जोरदार स्वागत किया और उनका उत्साह वर्धन किया उन्हें भविष्य में वि?द्यालय, देश और राज्य के हित में कुछ करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें खेल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में अपना कैरियर निर्धारित करने की सलाह दी गई। और फिर प्राचार्य ने उन सभी प्रतिभागी छात्रों को आशीर्वाद एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। और यह आश्वासन दिया कि विद्यालय और छात्रों के हित में जो भी कार्य होगा वैसे पूर्णतः दायित्व के साथ करेंगे।

## प्रकृति का महापर्व सरहुल को हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर पुजा समिति का किया गया पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के नचना ग्राम स्थित आदिवासी पड़हा भवन परिसर मे प्रकृति का महापर्व सरहुल को हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाने को लेकर की गई तैयारी बैठक। इस बैठक की अध्यक्षा सरना धर्म स्थल के मुख्य सेवक प्रधान उरांव ने किया। वही सभा का सफल संचालन महेंद्र भगत ने किया। इस बैठक मे सरहुल पुजा को विधिवत मनाए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर परिचर्चा की गई। सरहुल पुजा को विधिवत संपन्न करने तथा पुजा के अवसर पर किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम के सुव्यवस्थित ठंग से संचालन हेतु सर्वसम्मति से प्रखण्ड स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया। कमिटी के अध्यक्ष पुर्व प्रखंड प्रमुख महावीर उरांव, सचिव साल्वे मुखिया सह प्रखण्ड मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत कोषाध्यक्ष पुर्व शिबला धनेश्वर उरांव, धर्म अगुआ तेतर उरांव संरक्षक प्रमोद उरांव, तथा मिडिया प्रभारी रामप्रीत लोहरा को बनाया गया। वही 28 समर्पित व्यक्तियों को पुजा समिति सदस्य बनाया गया। अंत में सर्वसम्मति से अगला बैठक 01अप्रेल दिन सोमवार को होना तय किया गया। मौके पर गोनिया मुखिया रानो देवी डाढा व शिबला मुखिया सुरेश उरांव, जयपाल उरांव, राजदेव उरांव , बिन्देश्वर उरांव, ब्रहमदेव उरांव, सरदुल उरांव, संतोष उरांव,राजेश्वर उरांव, कालेश्वर उरांव,सीताराम लोहरा, अशोक भोक्ता, योगेन्द्र भोक्ता, मान्ती भगत,सीला उरांव, सीतामनी उरांव, राजमनी उरांव सहित भारी संख्या में सरना धर्मावलम्बीयों महिला पुरूष उपस्थित रहे।

## वाहन जांच अभियान में वसूला 2.5 लाख जुर्माना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 40 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 10 वाहनों से ओवरसाइज, ओवरलोड के लिए लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे 6 वाहनों को सीज कर संबंधित थाना को सुपुर्द कर दिया गया।



## माहे रमजान : तीसरे जुम्मे पर मस्जिदों में नमाजियों और रोजेदारों की उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में रमजान महीने के तीसरे जुम्मे की नमाज गिरिडीह में शहर से लेकर गांवों तक अदबो एहतराम के साथ अदा की गई।वही तपती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच भी नमाजियों और रोजेदारों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। इधर नमाज के दौरान मस्जिद के अंदर से लेकर बाहर तक नमाजियों की भीड़ देखी गई। कई स्थानों पर नमाजियों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि जगह कम पड़ने पर नमाजियों को सड़क अथवा खुले मैदान में नमाज अदा करनी पड़ी। शहर की लाइन मस्जिद में भीड़ अधिक बढ़ने पर नमाजियों ने रेलवे स्टेशन जानेवाले मार्ग पर नमाज अदा की। गिरिडीह शहरी क्षेत्र में स्टेशन रोड स्थित लाइन मस्जिद के अलावा भंडारीडीह, बरवाडीह, तेलोडीह, पचंबा, बुढ़ियाखाद, बिशनपुर, पचंबा, कोलडीहा मस्जिदों के साथ साथ मुफ्फसिल क्षेत्रों के मस्जिदों में रोजेदारों ने पूरे अकीदत के साथ तीसरे जुम्मा की नमाज अदा किया।

## धनबाद एसएसपी टुंडी पहुंचे, लिया विभिन्न बूथों समेत चेकपोस्टों का जायजा



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद एस एस पी एच पी जनार्दनन आज शुक्रवार दोपहर टुंडी थाना क्षेत्र के विभिन्न बूथों समेत कई चेकपोस्टों का जायजा लिया और आम नागरिकों को निर्भीक होकर आसन लोकसभा चुनाव में मतदान करने की बातें कही। मौके पर टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो अपने सभी सदलबल के साथ मुस्तैद देखें गए। वहीं दूसरी और प्रतापपुर बराकर में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया ने एक निजी वाहन से एक लाख अस्सी हज़ार रुपए बरामद किया और छानबीन में जुट गए बताया जाता है कि चुनाव को देखते हुए टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी लगातार वाहन चेकिंग अभियान का आयोजन कर रहे हैं एवं उन्हें सफलता भी मिल रहा है।

## कुआं से मिला मोटरसाइकिल



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया थाना क्षेत्र के बड़की सरिया पासवान मोहल्ला के नजदीक एक कुँवा से क्षतिग्रस्त ग्लैमर मोटरसाइकिल सरिया पुलिस ने बरामद किया है, बता दे की उक्त कुँवा का प्रयोग वहां के लोग खेती के लीये करते है और इसी क्रम मे उस कुँवा मे मोटर लगाकर सिचाई के लीये पानी निकाल रहे थे तभी पानी कम होने के कारन कुँवा मे एक मोटरसाइकिल दिखी, जिसकी जानकारी होने पर लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी फिर लोगो ने रस्सी के सहारे मोटर साइकिल को बाहर निकाल कर सरिया पुलिस को इसकी सुचना दी, इस मोटर साइकिल मे कही कोई नम्बर प्लेट नहीं थी आगे से हेडलाइट भी टूटी थी जिसके कारन इसकी पहचान नहीं की जा सकी, सरिया पुलिस मौके पर पहुँच कर मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले गई और जाँच पड़ताल मे जुट गई।

## डीटीओ ने बस स्टैंड पर मतदाताओं को किया जागरूक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बरटांड बस स्टैंड में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड पर लोगों को 25 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में अवश्य अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही कहा कि अगर किसी का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो शीघ्र अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा ले। उन्होंने लोगों को वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर ऑनलाइन फार्म 6 भरने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही बस स्टैंड पर उपस्थिति लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई।

## धनबाद उपायुक्त की बनाई फेक व्हाट्सएप आईडी बनाने का मामला

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के नाम पर तस्वीर वाली फेक व्हाट्सएप आईडी बनाने का मामला प्रकाश में आया है। फेक व्हाट्सएप आईडी का नंबर 9579111855 है। इस संबंध में उपायुक्त ने अपने अधिकारियों, शुभचिंतकों व आमजनों से अपील की है कि अगर इस व्हाट्सएप नंबर या किसी भी अन्य नंबर व अन्य किसी भी अनाधिकृत सोशल मीडिया के माध्यम द्वारा आपसे संपर्क किया जाता है, तो उनके झांसे में न आए और किसी भी प्रकार की कोई भी वार्तालाप न करें।

## चुनाव के मद्देनजर चला सघन वाहन जांच अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को यातायात पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व यातायात डीएसपी अरविंद कुमार ने किया। शहर के रणधीर वर्मा चौक के साथ साथ सभी थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को यातायात डीएसपी अरविंद कुमार के आदेश पर दोपहिया वाहनों के कागजात और हेलमेट जांच किया गया। वहीं चार पहिया वाहनों में लगे काले शीशे को पुलिस ने उतरवा कर जुर्माना भी वसूला किया।

## पहला कदम स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शुक्रवार को जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम की सचिव अनीता अग्रवाल को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के राष्ट्रीय अधिवेशन (पारसनाथ) में दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। सचिव अनिता अग्रवाल के द्वारा दिव्यांग बच्चों के हित मे किये जाने वाले कार्य को देखते हुए सम्मान को प्राप्त कर अनिता अग्रवाल ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि ये सम्मान उनको दिव्यांगता के क्षेत्र में और भी बेहतर कार्य करने के जज्बे को बढ़ाता है और यह गौरव प्राप्त करने हेतु पुनः सहृदय आभार प्रकट किया।

## दुकानदारों को मिले नियमसंगत मुआवजा : अन्नपूर्णा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर/गिरिडीह :** कल बगोदर बाजार के पुराने जीटी रोड के किनारे गुरुवार के अहले सुबह झुग्गी झोपडी दुकानों में भीषण आग लगने से लाखों की समान जल कर राख हो गई थी ।

घटना के सुचना पर शुक्रवार को कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पीड़ित दुकानदारों से मुलाक़ात किया इस दौरान इन्होने बताया की बगोदर बाजार में उन फुटपाथ दुकानदारों से मिलीं जिनकी दुकानें और उनमें रखा हुआ सामान कल यानि गुरुवार को सुबह 5 बजे आग लगने के कारण नष्ट हुआ है हमने गिरिडीह उपायुक्त से बात की है और दुकानदारों को नियमसंगत मुआवजा देने को कहा है।



पीड़ित दुकानदारों की हर संभव मदद की जायेगी ताकि वे पुनः सुचारू तरीके से अपना कारोबार शुरू कर सकें।

इस मौके पर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो , जिला परिषद उपाध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, देवनाथ राणा नकुल मंडल, अशोक सोनी, अजय यादव, बबलू मंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हत्या के बाद भाग रहा था पति व ससुर मधुपुर स्टेशन से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले के पचम्बा थाना के नरेंद्रपुर में एक पति द्वारा पत्नी की हत्या करने आरोप लगा है। ज़ीस के बाद मृतक के पति और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।बताया गया कि नरेन्द्रपुर में गुरुवार रात पति मो0 हसनैन ने अपनी पत्नी यास्मीन खातुन को मार पीट करते हुए इसकी हत्या कर दी। इसकी जानकारी विवाहिता की घरवालों को मिली, जिसके बाद इसकी जानकारी पचम्बा थाना पुलिस को दी गई, बताया जा रहा है कि हत्या करने के बाद आरोपी पति एंव



उनका पिता कलीम अंसारी शहर छोड़कर भागने की फिराक से मधुपुर रेलवे स्टेशन पहुंच गया, इधर पचम्बा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव भी मामले की पड़ताल करते हुए अपने दलबल के साथ रात में ही मधुपुर पहुंचे और रेल पुलिस के सहयोग से हत्यारे पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया। मृतिका यास्मीन अंसारी के भाई मिस्टर अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उसकी बहन की परवरिश बलिया पंचायत के कोंडराटांड़ में उनके नाना बसारत मियां ने किया, फिर 2017 में उसकी शादी नरेंद्रपुर में हसनैन के साथ कर दिया, जिसके बाद आये दिन उसके साथ मारपीट करने की सूचना मिलती रहती थी अंततः गुरुवार रात को उनकी हत्या कर दी गयी, आगे उन्होंने कहा कि मृतिका की उम्र लगभग 26 वर्ष है,और उनकी 3 छोटी छोटी बच्ची है,साथ ही 04 माह की गर्भवती भी थी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से टिस्को कर्मी मनीष की मौत



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा - पुटकी मार्ग में सब स्टेशन के समीप गुरुवार की देर रात को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 22 वर्षीय टिस्को कर्मी मनीष कुमार की मौत हो गई है। मौके पर पहुंच कर जोड़ापोखर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्मार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। जामाडोबा पंजाबी धौड़ा निवासी टाटा के अवकाश प्राप्त कर्मी नेपाल राजभर ने बताया है की दो वर्ष पूर्व पुत्र मनीष टाटा स्टील के भेलाटांड़ कोलियरी में कार्यरत था। रोजना की तरह गुरुवार को अपनी मोटरसाइकिल से सड़क मार्ग से भेलाटांड़ ड्यूटी जा रहा था। तभी जामाडोबा सबस्टेशन के निकट मृतक मनीष अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए जामाडोबा अस्पताल पहुचाया जहां चिकिस्को ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पिता नेपाल राजभर, मां सुदामी देवी, भाई बृजेश राजभर, बहन रीना कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है।

## भाजपा ने गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव में दिलीप कुमार वर्मा को बनाया उम्मीदवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव 2024 में भाजपा ने सबसे ज्यादा भरोसा जताते हुए दिलीप कुमार वर्मा को शुक्रवार को उम्मीदवार घोषित किया है वहीं इस गाण्डेय विधानसभा के लिए कई नामचीन चेहरा भाजपा से देखने को मिला, आपको बता दूं पिछले 2019 विधानसभा चुनाव में दिलीप कुमार वर्मा ने झारखंड विकास मोर्चा पार्टी से चुनाव लडा था और 15000 हजार मत प्राप्त किया था, दिलीप कुमार वर्मा का घर पांडेयडिह (बेरगी) है और वह भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में भाजपा प्रदेश मंत्री हैं और झारखंड पूर्व मुख्यमंत्री सह-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व जिला अध्यक्ष महादेव दूबे के बहुत करीबी माना जाता है, उम्मीदवार की घोषणा होने पर महेन्द्र कुमार वर्मा, इंजी. विनय कुमार जीतेन्द्र कुमार वर्मा यादि लोगो ने बधाई दिया है।

## 6 अप्रैल को दामोदर नदी धनबाद के नागदा घाट पर श्रद्धालु करेंगे बरुणी स्नान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महूदा :** धनबाद जिला अंतर्गत बाघमारा प्रखंड अंतर्गत भाटडीह ओपी क्षेत्र के नगदा दामोदर नदी घाट में बरुणी मेला 6 अप्रैल को। प्रति बर्ष चेत त्रियोदशी कृष्ण पक्ष पर मनाया जाता हैं।वही नदी के दूसरे किनारे बोकारो जिला के कुम्हड़ी घाट पर भी हजारों लोगो की भीड़ उमड़ती है। बताया जाता है की मान्यता के अनुसार बड़ी संख्या मे



श्रद्धालु दामोदर मे बरुणी स्नान कर आस्था की डूबकी लगाते है और नदी तट पर भगवान राम के पद चिन्ह पर पूजा अर्चना करते है। और नजदीक के चेचका धाम मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। उक्त जानकारी दामोदर बचाओ अभियान के कार्यकर्ता जनार्दन महतो ने दिया।

## कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भाकपा माले ने चलाया जन संपर्क, कहा...

## मोदी सरकार जनता की नहीं कंपनियों की हितैषी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** भाकपा माले ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गांडेय विधानसभा क्षेत्र के ओझाडीह (बेंगाबाद) में जन संपर्क चलाते हुए लोगों से पार्टी के समर्थन में खड़ा होने की अपील की। जन संपर्क के दौरान अपने संबोधन में पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, मोदी सरकार जनता की नहीं कंपनियों की सरकार है। इस सरकार ने सिर्फ कंपनियों के ही हित में काम किया है। कंपनियों से चंदा लेकर उन्हें लूटने की छूट दी है। वहीं, आम लोगों के लिए मोदी सरकार ने महंगाई और बेरोजगारी की सौगात दी है। कहा कि, भाकपा माले की अगुवाई




में जनता ने इस बार कोडरमा क्षेत्र से भाजपा को शिकस्त देने की पूरी तैयारी कर ली है। महागठबंधन के सभी दलों के सहयोग से यह संभव भी होगा। उन्होंने लोगों से भाकपा माले के चुनावी संघर्ष कोष में घर-घर से सहयोग देने की अपील की। यादव की अपील पर मौजूद लोगों ने प्रति घर 20 रु सहयोग जमा कराया। शेष घरों से भी सहयोग लेनेवाला निर्णय लिया गया। जन संपर्क कार्यक्रम की अगुवाई माले नेता फोदार सिंह एवं राजकिशोर चौधरी ने की, जबकि मुख्य रूप से कांग्रेस नेता वीरेंद्र सिंह, सहित सोमर सिंह, होरिल सिंह, चक्रधर प्रसाद सिंह, राजकिशोर सिंह, फाल्गुनी सिंह, विनोद सिंह, मंटू मोदी, झगरू पंडित, नुनूलाल पंडित, बलदेव विश्वकर्मा, मुन्नी देवी, सावित्री देवी, पातो देवी, शांति देवी, कौशल्या देवी, भुनेश्वरी देवी, चंपा देवी, मुन्ना देवी, कलावती देवी व अन्य मौजूद थे।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(कल्याण शाखा)**

**नामांकन संबंधी सूचना**

राँची जिलान्तर्गत कल्याण विभागीय एकलब्य मॉडल, आवासीय विद्यालय एवं आश्रम आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु शिक्षण सत्र 2022–23 में दिनांक 06.03.2022 को एवं 2023–24 में दिनांक 03.03.2023 को चयन परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें राँची जिलान्तर्गत आश्रम आवासीय विद्यालय, ओरमांझी में कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु छात्राओं का चयन किया गया है, किन्तु कतिपय कारणों से चयनित छात्राओं का नामांकन नहीं हो सका है, वैसी छात्राओं/अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि यदि वे आश्रम आवासीय विद्यालय, ओरमांझी में वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में नामांकन के ईच्छुक हैं, तो दिनांक 20.04.2024 तक जिला कल्याण कार्यालय, राँची में (समाहरणालय भवन "ए" ब्लॉक कमरा नं0– 112 ) अपनी सहमति पत्र निम्न सूचनाओं के साथ दें, ताकि उनका नामांकन हेतु अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

1. छात्रा का नाम–
2. पिता का नाम–
3. पता –
4. चयन परीक्षा में शामिल होने का वर्ष (2022–23, 2023–24) –
5. किस कक्षा में नामांकन हेतु परीक्षा दिया गया था –
6. वर्तमान में किस कक्षा में नामांकन चाहते हैं –

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण,
राँची ।

PR.NO.323438 Welfare(23-24):D

संक्षिप्त खबरें

## केंद्रीय महावीर मण्डल की बैठक आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ज़िला के सभी अखाड़ा प्रमुखों- प्रतिनिधियों एवं केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षकों पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक वर्ष के भाँति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाने हेतु सत्र 2024-2025 के केंद्रीय महावीर मण्डल का नई कमिटी गठन के संदर्भ में एक आवश्यक बैठक स्थानीय मुन्द्रिका भवन, गुदरी बाजार, लोहरदगा में दिनांक 30 मार्च 2024 दिन शनिवार, संध्या 4 बजे रखा गया है। आप सभी अखाड़ा के प्रतिनिधि,केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षक एवं पदाधिकारीयों से आग्रह है कि इस बैठक में अवश्य उपस्थित हों तथा अपनी कीमती विचारों को रखते हुए नई कमिटी के गठन हेतु अपना सहभागिता सुनिश्चित करें। यह जानकारी केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष रोहित कुमार ने दी।

# हर्षोल्लास से मनाया गया गुड फ्राइडे का त्योहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में ईसाई धर्मावलम्बियों द्वारा शुक्रवार को हर्षोल्लाष के साथ गुड़ फ्राइडे का त्यौहार मनाया गया। वही गुड फ्राइडे पर प्रखंड क्षेत्र के सीठीयो, सेरेंगहातु, बंसरी सहित सभी जगहों पर जीएल चर्च, जेम्स चर्च, जर्मन चर्च में विशेष प्रार्थना व मीसा पूजा आयोजित किया गया। वही प्रचार अनिल कुजूर, प्रेम एक्का, मार्टीन बखला ने संयुक्त रूप से बताते हुए कहा की प्रभु यीशु ने मानवता की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। पापियों को बचाने के उद्देश्य से ही क्रूस पर स्वयं का बलिदान दिया। उनके कोड़े खाने से पापी मनुष्य चंगे हुए क्रूस पर मृत्यु से पहले उन्होंने सात वचन बोले जो मानव समाज को सदैव राह दिखाने का काम करेगा। जिस समय प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया,समस्त विश्व में अंधियारा छा गया था। येरूसलम का परदा फट गया था। जिसे पूरी दुनिया डोल गई थी साथ ही कहा कि गुड़ फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु मसीह को आज शारीरिक यातनाएं दी गई थी। प्रभु यीशु के शरीर को 39 कोड़े चाबुक से मारा गया था और कांटेदार मुकुट पहनाया गया था। जिसके बाद क्रूस पर चढ़ा कर हाथ पैरो में कील ठोका दिया गया था। मारा गया था, नोचा गया था, तरह तरह की यातनाए दी गई थी, मेमना बनकर वह समस्त मानव जाति का उद्धार के लिए कुर्बान हो गये जो वचन के नबूवत में हम पाते है। इसके बावजूद येशु मसीह ने जो उनको सता रहे थे। उनके लिए प्रार्थना करता है और कहते हैं कि हे परम पिता परमेश्वर इन्हे क्षमा करो क्योंकि ये नही जानते की क्या कर रहे हैं। वही आराधना में बिश्वासी मसीही समुदायव के भाई बहनों ने इस पर्व का आशिषो को ग्रहण किया। मौके पर सनातन बखला, दीपिका केरकेट्टा, संजय कुजूर, महेश कुजूर, मरियम टोप्पो, नुवेल खेस, प्यारी बखला, शुसिल बखला, सरिता बखला, नीलमणी बखला, शंकर पन्ना, अमर बखला सहित अन्य मसीही समुदाय के महिला पुरुष मौजूद थे।

# नहीं थम रहा जंगली हाथी का कहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गुरुवार रात्रि झुण्ड से बिछड़े एक अकेले जंगली हाथी ने कोनमेंजरा पंचायत अंतर्गत कुड़पानी धुवनबेड़ा गांव निवासी सबन कुल्लू पिता स्वर्गीय फ्रांसिस कल्लू के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे धान एवं चावल खा गया, साथ ही घर भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घर टूटने और उसके मलबा गिरने से घर में रखे बर्तन, कुर्सी, टेबल इत्यादि समान बर्बाद हो गया। इसकी सूचना उन्होंने सुबह को कोनमेंजरा मुखिया सुषमा टेटे को दिया तत्पश्चात शुक्रवार दिन में लगभग 11:00 बजे मुखिया सुषमा टेटे ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों ने संबधित गांव का दौरा कर हाल-चाल जना एवं वन विभाग के कर्मियों को फोन के माध्यम से सूचित करते हुए उचित मुआवजा दिलाने का आग्रह किया। मौके पर रेने टेटे, शाहबाज अली जॉनसन कुल्लू समीर टेटे आदि मौजूद थे।

# फरार अभियुक्त कुर्की के दौरान चढ़ा पुलिस के हत्थे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के घर थाना क्षेत्र के बदला ग्राम कुर्की करने पहुंची पुलिस उसी क्रम में फरार अभियुक्त पुलिस के गिरफ्त में आया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम निवासी लहसनिया उराँव के पुत्र रितेश उराँव के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 81/23 दर्ज कर धारा 323, 376, 109, 110 तथा 120 बी के तहत पुलिस कारवाई किया जा रहा था। परंतु अभियुक्त आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था। जिसके आलोक में लोहरदगा न्यायालय से आरोपी के घर कुर्की का आदेश जारी किया गया था। न्यायालय के आदेशानुसार प्रशिक्षु सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के नेतृत्व में ए एस आई अलबिना लकड़ा दलबल के साथ बदला ग्राम स्थित आरोपी अभियुक्त के घर कुर्की करने पँहुचे। उसी दौरान लम्बे समय से फरार अभियुक्त आरोपी रितेश उराँव पुलिस के हत्थे चढ़ गया। वही बताया जाता है कि आरोपी महिला उत्पीड़न मामला में अभियुक्त था जो पुलिस से छुपता फिर रहा था। लेकिन सेन्हा थाना पुलिस द्वारा आरोपी को आत्मसमर्पण के लिये बारबार चौकीदार के माध्यम से सूचना भेजा जा रहा था। उसके बावजूद आरोपी रितेश उराँव भागता फिर रहा था। जिसके आलोक में व्यवहार न्यायालय से आरोपी अभियुक्त के घर कुर्की करने का आदेश जारी किया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस आरोपी के घर कुर्की करने पहुंची पुलिस ने फरार आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर प्रशासन द्वारा अग्रतर करवाई आरम्भ कर दिया गया है।

# रमजान माह के तीसरे जुम्मे पर शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** रमजान माह के दूसरे जुम्मे पर मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने शुक्रवार को शांतिपूर्वक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में रमजान माह का तीसरे जुम्मा की नमाज अदा कर क्षेत्र के लिये अम्न चैन की दुआ मांगे। वही सेन्हा जमा मस्जिद के इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा ने मुस्लिम धर्मावलम्बियों को नमाज से पहले संबोधित करते हुए कहा की रमजान माह में इबादत कर जीवन गुजारे और रोजा रखें, रोजेदार को सीधा खोदा देखता है। अल्लाह जानता है की कौन व्यक्ती रोजा रखा है या नही इस लिये रमजान पर सभी मुसलमान ईमान के साथ रोजा रखें और साथ ही कहा कि पड़ोसी या अन्य लोगो से हर मामले में बेहतर व्यवहार करें तथा खुशी और गम में सभी का साथ दें रोजेदारों की दुआ बहुत जल्द काबुल होती है। वही मुस्लिम धर्मानुसार बताया कि हर दौर में अंबियाओ ने अपने अपने तरीके से रोजा रखा है। प्रखंड क्षेत्र के उगरा, सेरेंगहातु, कल्हेपाट, अरु, सेन्हा, बुटी, झखरा, भड़गाँव, अरु बाँधटोली, भंगाडी, तोड़ार सहित सभी जगहों के मस्जिद में रमजान महीने का तीसरे जुम्मे पर शुक्रवार को शांतिपूर्वक एक साथ नमाज अदा की गई। तथा रोजेदारों द्वारा क्षेत्र की खुशहाली अमन चैन की दुवाएं मांगी गई।

## कार्यपालक पदाधिकारी नीति संगत करें डाक अन्यथा होगा बड़ा आंदोलन : सूरज अग्रवाल

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा संवेदक संघ अध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा की नगर परिषद में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष 2024-25 के लिए हॉट, बाजार, तालाब, टेंपो स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा, ठेला आदि का चुंगी वसूली हेतु डाक कराई जानी थी, परंतु इस बार आदर्श आचार संहिता लगने के पूर्व जब डाक कराई गई तो फिर किस साजिश के तहत बस पड़ाव का डाक नहीं हुई। कहीं ऐसा तो नहीं कि अपने किसी चहेते संवेदक को बस पड़ाव का ठेका पिछले दरवाजा से देने का प्रयास किया जा रहा है अगर ऐसा होता है तो लोहरदगा संवेदक संघ इसका पूरजोर विरोध करेगी। डाक नहीं करने की स्थिति में सरकार को राजस्व की हानि होगी ऐसे में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए आगे की कार्रवाई करनी चाहिए। अगर किसी के मिली भगत से किसी को डाक दी जाती है तो यह गलत होगा। कार्यपालक पदाधिकारी नीति संगत डाक कराकर आगे की कार्रवाई करें अन्यथा बाध्य होकर लोहरदगा संवेदक संघ आदर्श आचार संहिता के बाद आंदोलन करेगी। पूर्व में भी इस विषय पर एक संवेदक द्वारा 15/3/24 को उपायुक्त लोहरदगा को ज्ञापन सौंपा गया है। परंतु इस पर अभी तक किसी भी तरह का दिशा निर्देश नगर परिषद लोहरदगा को नहीं दी गई है और अगर दी गई है तो इसे सार्वजनिक किया जाए।

## कल होगा 94 वें निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती द्वारा 94 वें सप्ताह स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन 31/03/2024 को किया जाएगा। अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल प्लस टू विद्यालय परिसर में गत 01 जून 2022 से सेवा भारती द्वारा प्रत्येक सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरंतर किया जाता है। प्रत्येक रविवार को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक एक घण्टे का शिवीर आयोजित करते हुए मरीजों की निशुल्क सेवा,सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा किया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सरार्फ ने बताया कि स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से सेवा भारती से जुड़े डॉ कुमुद अग्रवाल शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच करते हुए इलाज करेंगे, श्री सर्राफ यह भी बताया की शिविर में प्रत्येक सप्ताह निशुल्क शुगर, बी.पी, वजन, ऑक्सीजन लेबल, हार्टबीट आदि की जांच के अलावे विभिन्न बीमारियों का चिकत्सक के द्वारा निशुल्क जांच भी की जाती है। उन्होंने कहा है कि स्वस्थ जीवन के लिए समय-समय पर अपना एवं अपने परिवार का स्वास्थ्य संबंधित जांच अवश्य कराएं,स्वस्थ जीवन ही जीवन का मूल आधार है शरीर स्वस्थ रहेगा तभी जीवन सुखमय होगा,स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य चेकअप कराते रहिए। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा है कि इस निशुल्क शिविर में समय पर आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### ऋण की वसूली के लिए अब मारपीट करने लगे माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कर्मचारी

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिलाओं को समूह का ऋण मुहैया कराने वाली सैटिन माईक्रो फाइनेंस द्वारा बीते दिनों थाना क्षेत्र के रोहिनिया गाँव से ऋणधारक महिला के नाबालिग बेटे को अगवा करने का मामला अभी ठंडा भी नही हुआ है, कि ऋण मुहैया कराने वाली एक अन्य कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट नामक कम्पनी के द्वारा बीती रात ऋणधारक महिला के बुजुर्ग ससुर के साथ गाली गलौज और मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त कम्पनी के कर्मियो द्वारा डराये, धमकायें जाने से बुजुर्ग काफी भयभीत है। मामला मकरी पंचायत के छः मईलवा स्थित बसेरियालेवा टोला का है। इस टोला के निवासी संतोष साह की पत्नी सरिता देवी कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट से बीते 23 अक्टूबर 2023 को 30 हजार रूपये ऋण ली थी। जिसमें वह ऋण का 21 क़िस्त जमा भी कर चुकी है। बाकी के ऋण की राशि चुकाने हेतु दोनों पति पत्नी पिछले 3 माह से गोवा में मेहनत मजदूरी कर रहे है।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का टंडवा में हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह का तूफानी दौरा शुक्रवार को टंडवा प्रखंड में किया गया। इस मौके पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास सहित भाजपा टंडवा मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्री सिंह का भव्य अभिवादन व स्वागत धनगडा घाटी में किया गया। जहां पर स्थित द्वारपाल बाबा का श्री सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना किया। उसके बाद श्री सिंह का काफिला मिश्रोल, तेलियाडीह, सेरंगदाग, उड़सु, होते हुए सूर्य मंदिर चूंदरु धाम पहुंचा। यहां पर भाजपा लोक सभा प्रत्याशी श्री सिंह ने सूर्य भगवान का पूजन ,दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद शहीद चौक में शहीद राजेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया, फिर टंडवा सिमरिया चौक स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। तत्पश्चात काफिला टंडवा मुख्य बाजार होते हुए विधायक आवास पहुंचा। जहां पर उपस्थित भाजपा के मंडल पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं के साथ श्री सिंह ने मिलन समारोह मनाया। इस मौके पर विधायक किशुन कुमार दास सहित भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान मुखिया संघ जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, विधायक जिला प्रतिनिधि अच्छेवट पांडे, भाजपा टंडवा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडे, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे, भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, युवा नेता पंकज राज, विनय सिंह, ललित साहू, शिवदेव गुप्ता, शंकर सिंह, दीपांसु सिंह, प्रदीप सिंह, बीरेंद्र सिंह, विवेक आनंद, आशीष साहू, समेत हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

## हाथी ने विधवा महिला के घर को उजाड़ा प्रशासन से लगाई मदद की गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड में इन दिनों झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी ने तबाही मचा रखा है। मामला कूटूंगीया डुड़िंग टोली का है जहाँ जंगली हाथी ने एग्नेसिया कन्डुलना पति स्व इलियास कन्डुलना के घर को बीती रात करीब 1 बजे ध्वस्त कर दिया और घर में रखे करीब 1 क्विंटल धान को खा गया। जिसके कारण विधवा गरीब महिला की सारी उम्मीद जिला प्रशासन की तरफ लगी हुई है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

# निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है : सुदेश्वर साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल परिणाम वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू, सचिव रेशमलाल साहू,उपाध्यक्ष केदारनाथ साहु, आमंत्रित सदस्य किनेश्वर महतो तथा प्रधानचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। वही अतिथि परिचय प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी द्वारा कराया गया। वही परीक्षा प्रमुख डॉली कविता एवं संध्या कुमारी ने परीक्षाफल वितरण का रूप रेखा तैयार कर परीक्षाफल परिणाम तथा भय बहनों का मूल्यांकन के आधार पर परीक्षा फल वितरण के साथ पुरस्कारों की घोषणा की गई। विद्यालय के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू ने कहा निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। किसी भी क्षेत्र में या कार्य मे सफल होने के लिये अभ्यास करना आवश्यक है। वही कक्षा अरुण से प्रथम अरुण उराँव को 84.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान कृष कुमार 83.8 प्रतिशत तृतीय सुशांत उराँव 83.7 प्रतिशत वहीं कक्षा उदय के भैया रोहन कुशवाहा प्रथम 87.9त्न द्वितीय ऋषभ कुमार 86.8त्न तृतीय मनीषा कुमारी 85.8त्न कक्षा प्रथम से प्रथम स्थान धर्मेश उराँव 92.28 प्रतिशत द्वितीय कनक कुमारी 89.71 प्रतिशत तृतीय नैंसी कुमारी 88.57 प्रतिशत कक्षा द्वितीय से प्रथम स्थान अनिकेत कुमार द्वितीय तेजविनि कुमारी, तृतीय आरोही कुमारी कक्ष तृतीय से प्रथम नीतिल यादव, द्वितीय प्रिंस कुमार, तृतीय आशीष कुमार कक्षा चतुर्थ से प्रथम स्थान दीपिका कुमारी, द्वितीय अनामिका कुमारी, तृतीय अमर कुमार, कक्षा पंचम से प्रथम अमन उराँव द्वितीय आरती कुमारी तृतीय आकाश उराँव कक्षा षष्ठ से प्रथम स्थान अंकुश कुमार,द्वितीय अमन कुमार, तृतीय सपना उराँव कक्षा सप्तम से प्रथम स्थान आयुष यादव, द्वितीय पूजा कुमारी, तृतीय शिल्पी साहू कक्षा अष्टम से प्रथम स्थान आशीष कुमार, द्वितीय आर्यन महतो, तृतीय शीतल उराँव कक्षा नवम से प्रथम स्थान अंशु कुमारी, द्वितीय मानशी कुमारी, तृतीय पूजा कुमारी। विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्राप्तांक प्राप्त करनेवाले भैया 92.28 प्रतिशत हुए। वहीं सर्वश्रेस्ठ उपस्थिति की श्रेणी में भैया अमन कुमार इन्होंने 220/220 दिन की विद्यालय में उपस्थित रहे.अनुशासन के क्षेत्र में भैया आयुष यादव को पुरस्कृत किया गया। आमंत्रित सदस्य किनेश्वर महतो द्वारा सभी भैया बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मालती कुमारी, संध्या कुमारी, मीना देवी, डॉली कविता, प्रेमशीला उराँव, खुशी कुमारी, जयप्रकाश सिंह सहित सभी आचार्य आचार्या व भैया बहन उपस्थित थे।

जनसमस्याओं का निदान करना ही कांग्रेस की पहली प्राथमिकता : आलोक साहू

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट चालू करवाने हेतु श्री साहू ने उपविकास आयुक्त एवं पेयजल विभाग से की वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता के शिकायत पर शुक्रवार को लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू किस्को प्रखंड पहुंचकर वहां के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता ने श्री साहू को बताया कि किस्को आवासीय विद्यालय के समीप करोड़ों की लागत से निर्मित ग्राम जल स्वच्छता समिति द्वारा संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगभग 2 वर्षो से खराब है जिसके कारण इस क्षेत्र की जनता शुद्ध पर जल से वंचित हो गई है। गर्मी का मौसम भी प्रारंभ हो गया है इसके बावजूद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा पानी सप्लाई करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। कांग्रेसियों ने श्री साहू को जल्द से जल्द वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट चालू करवाने की मांग किये। श्री साहू कांग्रेसियों के साथ वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का मोआयना किया। श्री साहू ने कहा कि पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासनिक लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जन समस्याओं के का निदान करना कांग्रेस की पहली प्राथमिकता होती है। श्री साहू ने मौके पर से ही पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर जल्द से जल्द पेयजल सप्लाई करने की बात कहें। कार्यपालक अभियंता ने श्री साहू को बताया की मशीन बहुत दिन से खराब है ।पेयजल सप्लाई करने का जिम्मेदारी ग्राम जल स्वच्छता समिति को दिया गया है ।वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वे मरम्मति डीएमएफटी फंड से करवाने हेतु एस्टीमेट बनाकर जिला भेज दिए हैं। वे आज किस्को जाकर ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्यों से मुलाकात कर पानी चालू करवाने के संदर्भ में वार्ता करेंगे । श्री साहू तुरंत जिला उप विकास आयुक्त से वार्ता कर गर्मी के मौसम को देखते हुए डीएमएफटी फंड से मरम्मत करवाने की राशि जल्द से जल्द स्वीकृत करने का आग्रह किये। उप विकास आयुक्त ने श्री साहू को आश्वासन दिया कि चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है नई योजना स्वीकृत नहीं होगा। आचार संहिता समाप्त होने के बाद योजना की स्वीकृत करने का आश्वसन दिए। मौके पर नुसरत अंसारी, शमीम अंसारी, शंकर उरांव, प्रभु राम, फिरोज अंसारी, दिलेश्वर उरांव, अरशद अंसारी, रोजाउद्दीन अंसारी, करमदयाल उरांव सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### स्वाति प्रसाद का जोर लगा रे गाना यूट्यूब पर रिलीज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उभरती हुई प्लेबैक सिंगर स्वाति प्रसाद ने पेरिस ओलपिंक 2024 में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जोर लगा रे गाने को गाया है। इस गाने को गुरूवार को स्वाति प्रसाद के यू ट्यूब चैनल स्वाति प्रसाद ऑफिशियल पर रिलीज किया गया। इस गाने के माध्यम से खिलाड़ियों मे जोश भरने का काम किया गया है। गाने में कई खिलाड़ियों के नामों का भी जिक्र किया है, जिन्होंने अपने खेल से देश का नाम रौशन किया है। इस गाने को डॉ पंकज सोनी ने लिखा है। पीवीवी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड इस एलबम का निर्माता है। संगीत स्वाति प्रसाद ने ही दिया है। डीओपी अभिषेक और एडिटर साई राज है। आपको बता दें कि स्वाति प्रसाद के कई गीत काफी प्रसिद्ध हुए हैं, जिनमें रांची के छोरे, जोर लगा रे, छठी मईया सुनी न, बिध के बताई हो शामिल है। इसके अलावा कौन बनेगा करोड़पति के टाइटल ट्रैक में अपनी आवाज दी है। इससे पहले भी उन्होंने फिल्म थर्ड आई के सॉन्ग मोरनी सा अंग मेरा... गा चुकी हैं। वहीं आइजीटी में उपविजेता का ताज भी हासिल किया है।

### तीसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**रांची रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** माहे रमजान का मुबारक महीना चल रहा है और इसी पाक महीने का तीसरा जुमा मैं मस्जिदों में लोगों की भीड़ देखी गई। छोटे, बड़े, बुजुर्ग सभी 12ः00 बजे से ही मस्जिद में दाखिल होने लगे थे। धूप भी बहुत तेज थी, इसलिए लोग मस्जिद में अजान होते ही दाखिल होने लगे थे। रांची शहर की लगभग सभी मस्जिदों में काफी भीड़ देखी गई । मस्जिदों में और इसके छत पर जगह न मिलने से लोग मस्जिद के बाहर सड़क पर भी नमाज अदा करते दिखे । वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा का भी पूरा इंतजाम किया गया था । कई मस्जिदों के आसपास पुलिस की भी तैनाती की गई थी । नमाज के बाद सभी राज्य व देश की खुशी और उन्नति के लिए दुआ मांगी गई। कई घरों में इफ्तार का भी आयोजन कराया गया था।

### कांग्रेस अध्यक्ष से मिले झारखंड प्रभारी सहित अन्य नेता

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में शुक्रवार को झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर सहित अन्य नेताओं ने मुलाकात की। मुलाकात करने वाले नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर , सुबोध कांत सहाय, बंधु तिर्की और राम टहल चौधरी शामिल थे। यह मुलाकात शिष्टाचार बताया गया।



# माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत पर सियासी बवाल शुरू



**एजेंसी**

**लखनऊ :** बांदा जेल में बंद बाहुबली नेता और डॉन मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मेडिकल कॉलेज बांदा ने उसकी मौत की पुष्टि की है। पूरे यूपी में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। मऊ, गाजीपुर और बांदा जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। वहीं, अंसारी की मौत पर सियासी बवाल मच गया है। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी), राष्ट्रीय जनता पार्टी (आरजेडी), कांग्रेस से लेकर एआईएमआईएम तक ने यूपी के पूर्व विधायक की मौत को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती, आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव और एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मुख्तार की मौत को निंदनीय और अफसोसजनक बताया। दरअसल, दो दिन पहले जब मुख्तार की हालत बिगड़ने पर उसे जेल से मेडिकल कॉलेज लाया गया था, तभी उसके भाई अफजाल और बेटे उमर अब्बास ने मौत की आशंका जताई थी। जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए था। अफजाल ने तो यह तक कहा था कि उसके भाई को जेल में जहर दिया जा रहा है। 63 साल का अंसारी मऊ सदर से पांच बार विधायक रहा था। वहीं साल 2005 से उत्तर प्रदेश और पंजाब में सलाखों के पीछे था। उसके खिलाफ 60 से अधिक आपराधिक मामले लंबित थे।

**उच्च-स्तरीय जांच जरूरी : मायावती :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा, मुख्तार अंसारी की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकाएं व गंभीर आरोप लगाए गए हैं उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। ऐसे में उनके परिवार का दुखी होना स्वाभाविक है। कुदरत उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।

**हर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व :अखिलेश यादव**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा, हर हाल में और हर स्थान पर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व और कर्तव्य होता है। सरकारों पर निम्नलिखित हालातों में से किसी भी हालात में, किसी बंधक या कैदी की मृत्यु होना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा।

**तेजस्वी यादव ने जताया दुख**

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अंसारी की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यूपी के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मौत का दुखद समाचार मिला। हम भगवान से प्रार्थना करेंगे कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**गाजीपुर के लोगों ने अपना बेटा खो दिया : ओवैसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अंसारी के भाई द्वारा लगाए गए आरोपों पर जोर दिया। उन्होंने कहा, %गाजीपुर के लोगों ने अपना पसंदीदा बेटा और भाई खो दिया। मुख्तार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए थे कि उन्हें जहर दिया गया है। इसके बावजूद सरकार ने उनके इलाज पर कोई ध्यान नहीं दिया। यह वाकई निंदनीय और अफसोसजनक है।

**कानून, संविधान, नैसर्गिक न्याय को दफन कर देने जैसाः पप्पू यादव**

हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने अंसारी की मौत को संस्थागत हत्या करार दिया और मामले में अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। उन्होंने कहा,पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की सांस्थानिक हत्या। कानून, संविधान, नैसर्गिक न्याय को दफन कर देने जैसा है।

## कंचन साहू बने महावीर मंडल के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** महावीर मंडल की बैठक संरक्षक दीपक तिवारी व मुरली श्याम की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया। नई कमेटी में सर्वसम्मति से कंचन कुमार साहू को अध्यक्ष, सुनील केशरी को सचिव, पवन जायसवाल को उपाध्यक्ष तथा उपेन्द्र ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जानकारी देते हुए कंचन कुमार साहू ने बताया की गत वर्ष से भी बेहतर इस वर्ष रामनवमी पूजा काफी धूमधाम मनाया जाएगा। पूरे शहर में महावीरी झंडा लगाया जाएगा। साथ ही पूर्व की तरह इस वर्ष भी रामनवमी के दिन मझिआंव मोड़ पर समारोह आयोजित कर सभी अखाड़ा को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मंगला आरती के लिए सभी अखाड़ा को संगठित कर काली स्थान से एक साथ जुलूस निकालकर रामलला मंदिर जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष रामनवमी काफी भव्य एवं बेहतर तरीके से मनाया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम को बेहतर एवं सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। इसके लिए सभी सदस्यों को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी गई। सभी ने बेहतर ढंग से कार्यक्रम सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में महिला मंडल अध्यक्ष डेजी गुप्ता, सचिव प्रतिभा शोर्य, ज्ञान प्रकाश केशरी, नंद गुप्ता, पी एन गुप्ता, उमेश कश्यप, रंजीत सिंह, देवेंद्र गुप्त, संजय कांस्यकार, अरविन्द केशरी, अनिल सोनी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## संगठन की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता : वीडी राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी की विश्रामपुर नगर मंडल, विश्रामपुर ग्रामीण मंडल एवं नवा बाजार मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक विश्रामपुर नगर एवं ग्रामीण की संयुक्त रूप से रामचन्द्र चंद्रवंशी इंस्ट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में तथा नवा बाजार मंडल की बैठक सामूहिक विवाह मंडप कंडा में आयोजित की गई। सांसद पलामू एवं पलामू लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्यासी विष्णु दयाल राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। उनकी मेहनत से ही संगठन फलता-फूलता है। पलामू संसदीय क्षेत्र में भाजपा को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मेहनत करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश तेजी से विकास ही राह पर आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। जिसे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को घर पर तक पहुंचाने की जरूरत है। पूर्व मंत्री विश्रामपुर विधायक श्री राम चंद्र चंद्रवंशी ने कहा की उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में मिले मतों के प्रतिशत को बढ़ाने के लिये बूथ स्तर पर कार्य करने जुट जाएं। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अथवा बूथ अध्यक्ष कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं बल्कि आने वाले समय का बड़ा नेता है, वह कल का प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री है। इस चुनाव में हमारे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। विश्रामपुर में बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विश्रामपुर अमरेश तिवारी ने एवं संचालन विश्रामपुर नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री राधा कृष्ण साव ने किया। नवा बाजार में अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने किया एवं संचालन गिरजा चंद्रवंशी ने किया।प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, गढ़वा जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, सुशील कुमार चौबे, रामचन्द्र यादव आदि ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# एमएसए स्कूल का फाइनल रिजल्ट घोषित, 300 मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत




**कम फीस में बच्चों का सर्वांगीण विकास कराना मेरा लक्ष्य शफीक अंसारी**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शफीक एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल का फाइनल परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट घोषित करने से पहले सभी पैरेंट्स और शिक्षक के बीच बैठक किया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया गया। इसके बाद वार्षिक परीक्षा परीणाम प्रकाशित किया गया। जिसमें हर क्लास से टॉप 10 छात्र छात्राओं के साथ साथ गुड हैंडराइटिंग, अधिक उपस्थिति, विज्ञान प्रदर्शनी और वार्षिकोत्सव में अनेको प्रस्तुति देने वाले के साथ साथ कई अन्य प्रतियोगिताओं में बेहतर परफॉर्मेंस देने वाले विद्यार्थियों को अकेडमिक अवार्ड ट्राफी, सर्टिफिकेट एवं मैडल देकर 300 विद्यार्थीयों को उनके अभिभावकों के साथ पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल के संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा शिक्षा ही ऐसा धन है जिसे न ही कोई छीन सकता है और ना ही कोई चुरा सकता है इसलिए अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दीजिए। मेरा उद्देश्य छात्र छात्राओं को कम फीस में बेहतर शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर स्कूल के सचिव सह उप प्राचार्य अफज़ल शफीक ने कहा नए सत्र में भी कक्षा 4 व 5 के छात्र छात्राओं को नवोदय, नेतरहाट व सैनिक स्कूल का निःशुल्क तैयारी करवाया जाएगा। तैयारी हेतु इच्छुक अभिभावक नामांकन करवा सकते हैं, नामांकन प्रारंभ हैं। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्राचार्य सुनिता प्रसाद व मंच संचालन प्रोफेसर सौरभ सिंह कर रहे थे। विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम खुशबू सोनी, घुंघरू सिंह, राहुल पाण्डेय, नेहा प्रवीण, किशन कुमार, तनिषा प्रिया, नवल किशोर सिंह के नेतृत्व में चला।

**कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकः** सुग्रीम मेहता, विनोद बैठा, लालजी यादव, मंजीत यादव, पुष्पा देवी, मिहिर दास, असफाक आलम, रागिनी त्रिपाठी, करमदेव उरांव, नागेन्द्र पासवान, परशुराम मांझी, देवेन्द्र भारती, सफ़ीना खातून, आर्यन दुबे, सतीश पासवान, अक्षय कुमार, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, इसरार अंसारी, मिथिलेश महतो, लालजी यादव, तेजू साव, हदीस अंसारी, मंटू राम, हलीमा बीबी, शबाना खातून, तरन्नुम प्रवीण, जगरनाथ उरांव, परशुराम मांझी, धीरज तिवारी, नीरा देवी, श्यामदेव यादव सहित हजारों कि संख्या में अभिभावकगण मौजूद थे।

# ईट भट्ठा पर ट्रैक्टर से दब कर मजदूर की 2 वर्षीय पुत्र की मौत

**थाना प्रभारी अमित कुमार दुबे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रैक्टर चढने से ही बच्चे की मौत हुआ है लेकिन थाना प्रभारी ने पत्रकारों के बताया कि मृतक के परिजनों के द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं देने की बात बताया।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार थाना के करीब 500 मीटर की दूरी के समीप संचालित पटेल ब्रिक्स पर मजदूर के काम कर रहे श्री सरयू भुइयाँ के दो वर्षीय पुत्र रंजय कुमार के ईट से भारी ट्रैक्टर ने कुचल दिया जो घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना के अंतर्गत सीता विगहा गाँव के रहने वाले है। घटना करीब अलहे सुबह सात बजे की है। आगे बताते चलें कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय पुलिस को किसी प्रकार की बिना सूचना के पहले ही मृतक की शव के ईट भट्ठा के मालिक के द्वारा समझा बुझाकर दफना दिया गया। गुप्त भनक मिलने के बाद थाना प्रभारी अमित कुमार दुबे ने अपने दल बल के साथ घटना पर पहुचे और घटना के बारे मे जयाजा लिया । मृतक के परिजनों के द्वारा पूछताछ के दौरान बताया कि बच्चे की मौत ट्रैक्टर चढने से ही हुआ है। थाना प्रभारी अमित कुमार दुबे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रैक्टर चढने से ही बच्चे की मौत हुआ है लेकिन थाना प्रभारी ने पत्रकारों के बताया कि मृतक के परिजनों के द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं देने की बात बताया। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि पचनामा कर के शव को छोड़ दिया गया है । इस से स्पष्ट प्रतीत होता है कि कही न कही प्रशासन भी मिली हुई है।

## मस्जिद जाफरिया में हजरत अली की तीन दिवसीय मजलिस का आयोजन



**मोहब्बत अली ईमान का प्रतीक : मौलाना तहजिबुल हसन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मस्जिद जाफरिया में बयाद हजरत अली इब्न अबी तालिब की याद में तीन दिवसीय मजलिस शुरू हो गया। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन और मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि अल्लाह के रसूल का फरमान है कि अली की मुहब्बत ईमान और मुहब्बत अली ईमान की निशानी है। हज़रत अली उस महान व्यक्ति का नाम है जिनका जन्म की व्यवस्था ईश्वर ने अपने घर काबा में की। हज़रत अली ने अपना पूरा जीवन मानवता के लिए दे दिया। जब अली को पता चला कि लोग भूखे हैं तो वह रात के अंधेरे में गरीबों के घर अपनी पीठ पर राशन लेकर जाते थे और अली के शासनकाल में कोई भी भूखा नहीं सोया। हजरत अली ने कहा कि यदि समाज का एक भी आदमी भूखा रहेगा तो उस देश के अमीर लोगों पर तरस खाने के अलावा और कुछ नहीं किया जा सकता। अली के किरदार से मुसलमान अपने समाज को नई जिंदगी दें। लोग हमें धर्म से नहीं चरित्र से पहचानें। 1400 साल पहले सन 40 हिजरी में रमजान की 19 तारीख को हजरत अली पर इराक के कूफा की मस्जिद में अब्दुल-रहमान इब्न मुलजिम ने उस समय हमला किया। जब वह नमाज पढ़ रहे थे और 21 रमजान को हजरत अली शहीद हो गए। मर्सिया खानी सैयद अता इमाम रिजवी और मुहम्मद इमाम ने की। पेशखानी सैयद निहाल हुसैन सरियावी, अमूद अब्बास, यूनुस रजा, अमीर गोपालपुरी ने की। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय हाजी अज़हर हुसैन के पुत्र सैयद मेहदी इमाम और सैयद ज़फरुल हसन द्वारा किया गया।

## मुख्यमंत्री से मिले खूंटी लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा

**रांची :** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच संगठन व लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने चुनाव में हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन देने के साथ जीत की शुभकामनाएं दी। कालीचरण ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विधानसभावार विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। कमियों को चिह्नित कर उसे दूर करने की रणनीति भी बनाई गई। उन्होंने कहा कि पिछली गलतियों से सीख लेकर इस चुनाव को पूरी शक्ति और सतर्कता के लड़ा जाएगा। इस बार के चुनाव में उनसे ज्यादा कार्यकर्ताओं ने तैयारी कर रखी है। इस मौके पर झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय, खूंटी के कांग्रेस नेता मदन मिश्रा भी उपस्थित थे।

# एक अप्रैल से नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत हो रही है, होंगे 6 बदलाव



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** एक अप्रैल से नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत हो रही है, जिस पैसे से जुड़े 6 बड़े बदलाव होने जा रहे हैं. जिसका असर सीधा आपकी जेब पर हो सकता है. इन बड़े बदलावों में क्रेडिट कार्ड और एनपीएस समेत कई नियम शामिल हैं. ये बदलाव आपके निवेश और पैसे के खर्च पर प्रभाव डाल सकते हैं.

**एनपीएस के नियम में बदलाव :** पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने नेशनल पेंशन सिस्टम को और सिक्योर बनाने के लिए आधार बेस्ड टू स्टेप अथेंटिफिकेशन सिस्टम पेश किया है. यह सिस्टम सभी पासवर्ड बेस एनपीएस यूजर्स के लिए होगा, जिसे 1 अप्रैल से लागू कर दिया जाएगा. 15 मार्च को पीएफआरडीए ने नोटिफिकेशन जारी किया था.

**एसबीआई क्रेडिट कार्ड में बदलावः** एसबीआई कार्ड ने घोषणा की है कि 1 अप्रैल, 2024 से कुछ क्रेडिट कार्ड के लिए किराया भुगतान लेनदेन पर रिवॉर्ड प्वाइंट का कलेक्शन बंद कर दिया जाएगा. इसमें औरुम्म, एसबीआईकार्ड एलीट, एसबीआई कार्ड एलीट एडवांटेज, एसबीआई कार्ड पल्स और सिंपलीक्लिक एसबीआई कार्ड शामिल हैं.

**क्रेडिट कार्ड संबंधी नियमः** यस बैंक ने कहा है कि जो यूजर्स क्रेडिट कार्ड से एक कैलेंडर तिमाही में 10 हजार या उससे ज्यादा खर्च करते हैं तो उनके लिए कंप्लिमेंट्री डोमेस्टिक लाउंस एक्सेस उपलब्ध होगा. वहीं आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के तहत तिमाही में 35 हजार या उससे ज्यादा खर्च करने पर हवाई अड्डे के लाउंज एक्सेस की सुविधा होगी. यह नियम एक अप्रैल से लागू होगा. इसके अलावा, एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड पर ईंधन, बीमा, और गोल्ड पर खर्च के लिए रिवॉर्ड प्वाइंट नहीं दिया जाएगा. यह 20 अप्रैल से लागू किया जाएगा.

**ओएलए मनी वॉलेटः** ओला मनी ने घोषणा की कि वह 1 अप्रैल, 2024 से प्रति माह अधिकतम 10,000 रुपये के वॉलेट लोड प्रतिबंध के साथ पूरी तरह से छोटे प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट वॉलेट सेवाओं पर स्विच कर रहा है. कंपनी ने 22 मार्च को अपने ग्राहकों को एसएमएस भेजकर इस बारे में जानकारी दी है.

**फास्टैग केवाईसी :** अगर आप 31 मार्च 2024 तक फास्टैग केवाईसी को अपडेट नहीं करवाते हैं तो 1 अप्रैल से फास्टैग यूज करने में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. बता दें कि एनएचएआई ने फास्टैग केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है.

**एलपीजी गैस की कीमत :** हर महीने की पहली तारीख को देशभर में एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बदलाव होता है. 1 अप्रैल को कमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर कीमत में बदलाव हो सकता है. हालांकि लोकसभा चुनाव के बीच इन कीमतों में बदलाव होने की संभावना काफी कम है.